दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 275
कोटद्वार शनिवार
11 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## बदरीनाथ-हेमकुंड में हिमपात

**चमोली।** पहाड़ों पर एक बार हिमपात हो गया है। बदरीनाथ , हेमकुंड रुद्रनाथ सहित कई स्थानों पर एक बार फिर हिमपात हुआ । गुरुवार रात्रि से ही बदरीनाथ में हिमपात शुरू हुआ। शुक्रवार सुबह बर्फबारी तेज हुयी । जो दिन भर लगातार जारी रही। बर्फबारी होने से निचले इलाकों में एक बार फिर से ठंड बढ़ गई है।

## दूधमुंहे बेटे की खरीद फरोख्त में मां, नाना समेत चार गिरफ्तार

**हरिद्वार।** मां-बेटे के रिश्ते को कलंकित करते हुए एक मां अपने पिता के साथ मिलकर अपने दूधमुंहे बेटे का सौदा कर दिया। हरकत में आई कनखल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मां, नाना, खरीदार युवक और सौदे में मध्यस्ता करा रही उसकी बहन को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से पुलिस ने मासूम को खरीदने के लिए लाई गई पांच लाख की रकम भी बरामद कर ली है। एसएसपी अजय सिंह ने कनखल पुलिस की पीठ थपथपाई है।

## छह लोगों को जिंदा बचाया, मरने वालों की संख्या 20 हजार से अधिक

**कहरामनमारस (तुर्किये), ।** तुर्किये के इस्केंडरन में बचावक्रमियों ने मलबे के नीचे 101 घंटे तक दबे रहे छह लोगों को शुक्रवार सुबह जिंदा निकाल लिया। सभी छह लोग रिश्तेदार हैं। शुक्रवार तड़के तुर्किये में एक ढही हुई इमारत के मलबे के नीचे से एक किशोर को निकालने पर परिजनों ने खुशी मनाई। वहीं, विनाशकारी भूकंप के चार दिन बाद मौतों की संख्या 20,000 से अधिक हो गई और कई लोगों के जीवित बचे होने की उम्मीद खत्म हो रही है।

## चीन समेत छह देशों से भारत आने वाले यात्रियों के लिए नियमों में छूट

**नई दिल्ली एजेंसी, ।** भारत सरकार ने कोरोना की वजह से छह देशों के लिए अनिवार्य किए गए नियमों में राहत दे दी है।

अब इन देशों से आने वाले यात्रियों को कोरोना की जांच रिपोर्ट और श्एयर सुविधा फर्म को अपलोड करने के नियम से राहत दे दी है। जिन छह देशों से आने वाले या इन देशों से होकर आने वाले यात्रियों को सहूलियत दी गई है,

# अब हर भर्ती परीक्षा में नकल अध्यादेश के प्रावधान शामिलः धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि उत्तराखंड में अब भी भर्ती परीक्षाएं होंगी, उनमें नकल अध्यादेश के प्रावधान लागू होंगे। कहा कि सरकार हर कीमत पर छात्र-छात्राओं का हित चाहती है। शुक्रवार दोपहर सचिवालय में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य के ईमानदार और मेहनती छात्र-छात्राओं की किसी भी सूरत में अहित नहीं होने देंगे। इसीलिए जिन-जिन परीक्षाओं में गड़बड़ी होने की शिकायतें मिली, सरकार ने पहले उनकी जांच कराई और नकल माफिया व अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर परीक्षाएं रद्द की। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं रद्द करने के बाद तत्काल भर्ती परीक्षाओं की नई तिथि घोषित की गई। इसके साथ ही उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में अभ्यर्थियों के लिए यात्रा की निशुल्क व्यवस्था की गई और परीक्षा फार्म का शुल्क भी नहीं लिया गया। कहा कि नकल अध्यादेश को 10 फरवरी की कैबिनेट में आना था, लेकिन इस दौरान कई कैबिनेट मंत्रियों के बाहर कार्यक्रम लगे थे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कैबिनेट न होने के बावजूद उन्होंने अध्यादेश का विचलन से अनुमोदन किया और इसे राज्यपाल को भेज दिया है। यह भी तय कर दिया, अब जितने भी परीक्षाएं होंगी, उन सभी में नकल अध्यादेश के प्रावधान लागू होंगे।

अध्यादेश में सरकार ने नकल माफिया के लिए 10 साल की कैद का प्रावधान करने के साथ ही सारी संपत्ति जब्त करने का प्रावधान बनाया है। उन्होंने कहा कि जो परीक्षार्थी नकल में शामिल पाए जाते हैं, वे अगले दस वर्ष तक किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। अध्यादेश में यह सब व्यवस्था है। कहा कि यह देश का सबसे सशक्त नकल विरोधी कानून। उन्होंने राज्य के छात्र-छात्राओं किसी के बहकावे में न आने की अपील की और कहा कि वे परीक्षाओं की तैयारियां करें। सभी परीक्षाएं पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से होंगी।

कांग्रेस पर हमला साधारू मुख्यमंत्री धामी ने अप्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस पर भी हमला साधा। कहा कि कुछ राजनीतिक संगठन जो देश और उत्तराखंड के भीतर अपनी जमीन पूरी तरह से खो चुके हैं। अब वे छात्र-छात्राओं का आगे कर उनके कंधों पर बंदूक रख कर इस प्रकार का काम कर रहे हैं, जैसे कल देखा गया। कहा कि कुछ लोग कल छात्रों के बीच में आ गए और पत्थर देंक कर आंदोलन को हिंसक बनाया। निश्चित तौर पर जिला प्रशासन इसे अपनी जांच में देखेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को विश्वास दिलाया कि उनके साथ कोई गलत नहीं होगा।

### लोकसभा में आम बजट पर चर्चा, वित्त मंत्री ने दिया जवाब, कहा

# नई आय कर व्यवस्था से जनता को होगा ज्यादा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि आम बजट 2023-24 में नई आय कर प्रणाली को लागू करने की जो व्यवस्था की गई है उससे आम जनता के हाथ में खर्च करने के लिए ज्यादा राशि बचेगी। लोकसभा में आम बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने बजट में उठाये गये कदमों के बारे में बताते हुए उक्त बात कही।

वित्त मंत्री ने 01 फरवरी, 2023 को पेश बजट को राजकोषीय हालात को ध्यान में रख कर तैयार किया गया एक बेहद ही संतुलित बजट बताया जो मध्यम वर्ग व ग्रामीण जनता के साथ ही रोजगार सृजन व ग्रीन ग्रोथ पर भी ध्यान दे रही है, ताकि अगले वित्त वर्ष के दौरान भी भारत को दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना कर रखेगा।

पूंजीगत खर्चे के मद में 10 लाख करोड़ रुपये की राशि को खर्च करने के प्रस्ताव को सीतारमण ने अर्थव्यवस्था को तेजी देने के साथ ही बड़ी संख्या में रोजगार पैदा करने वाला कदम बताया। वित्त मंत्री सीतारण ने विपक्ष की तरफ से लगाए गए आरोपों का गिन-गिन कर जवाब दिया। चाहे राज्यों को फंड वितरण का मामला हो या अल्पसंख्यकों के फंड में कटौती का मामला हो या खाद्य सब्सिडी को घटाने की बात हो वित्त मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को अपने तर्कों से काटा।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के निर्देश के मुताबिक, केंद्रीय राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी देने में कोई कोताही नहीं की जाती। ना ही अधिभार संग्रह में विभाजन में



कोई विलंब किया जाता है। असलियत में पिछले तीन वर्षों में केंद्र सरकार ने संग्रह से ज्यादा राज्यों को दिया। 1,51,053 लाख करोड़ रुपये अधिभार वसूला है लेकिन राज्यों को 2,37,116 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है।

इसके साथ ही राज्यों को बजट में 7.98 लाख करोड़ रुपये आवंटन होने की बात कही गई है जो चालू वित्त वर्ष के मुकाबले 155 लाख करोड़ रुपये ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष में केंद्रीय राजस्व संग्रह सरकार के उम्मीद से बेहतर होने की उम्मीद है इसलिए राज्यों को भी ज्यादा आवंटन होगा। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि मार्च, 2023 के लिए केंद्रीय राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी इसी महीने यानी फरवरी में ही दे दी जाएगी।

नई कर व्यवस्था को बहुत ही आकर्षक बताते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इसमें सात लाख आय तक वालों को कोई टैक्स नहीं लगेगा, जबकि दूसरे वर्गों के लिए टैक्स टूट की सीमा 25 लाख रुपये से बढ़ा कर तीन लाख रुपये कर दी गई, 50 हजार रुपये का स्टैंडर्ड टूट भी लागू किया गया है, जिससे मध्यम वर्ग को काफी फायदा होगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि इससे मध्यम वर्ग के हाथ में खर्च करने के लिए ज्यादा राशि बचेगी। खाद्य सब्सिडी में कटौती करने के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि उर्वरक की कीमतों में भारी वृद्धि होने के बावजूद केंद्र सरकार ने किसानों पर कोई बोझ नहीं डाला है। वर्ष 2022-23 में सरकार ने 1.05 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी का अनुमान लगाया था, लेकिन वास्तविक तौर पर यह राशि 225 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

इसी तरह से मनरेगा के तहत आवंटित फंड में कटौती के बारे में कहा कि यह मांग आधारित कार्यक्रम है। उन्होंने पिछले चार वित्त वर्षों का आंकड़ा दिया कि किस तरह से मोदी सरकार ने हर वर्ष मनरेगा को बजटीय अनुमान से ज्यादा राशि वास्तविक तौर पर दिए हैं, जबकि यूपीए के कार्यकाल में उल्टा होता रहा है।

विपक्ष ने आरोप लगाया था कि यह सरकार गरीबों का ध्यान नहीं रखती है। उक्त आंकडे रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा, श्गरीबों के बारे में आपको नहीं बोलना चाहिए क्योंकि आपका घर शीशे का है।श कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अपने भाषण में सरकार पर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया और अल्पसंख्यक मंत्रालय के बजट में कटौती का मुद्दा उठाया था।

# युवाओं पर लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हरीश रावत की तबियत बिगड़ी

**देहरादून।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शुक्रवार को देहरादून में उत्तराखंड सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए अचानक बीमार पड़ गए। वह अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ राज्य के बेरोजगार युवाओं पर पुलिस के कथित लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। एम्बुलेंस में डक्टरों की एक टीम ने उत्तराखंड के पूर्व सीएम की मेडिकल जांच की। हरीश रावत सेहत पर अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। डक्टरों की ओर से रावत का हेल्थ अपडेट मिलने का इंतजार है।

मालूम हो कि उत्तराखंड में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ बेरोजगार युवाओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। युवाओं के प्रदर्शन को रोकने के लिए देहरादून जिला प्रशासन ने शुक्रवार को परेड ग्राउंड के चारों ओर 300 मीटर के दायरे में धारा-144 लगाते हुए निषेधाज्ञा लागू कर दी। एक दिन पहले बेरोजगार युवाओं की पुलिस के साथ तीखी झड़पें हुई थीं। इसमें प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था।

लाठीचार्ज किए जाने के कारण कुछ युवाओं को चोटें आई थीं। झड़पों में कुछ पुलिसवाले भी घायल हो गए थे। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरी घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश देते हुए मुख्य सचिव सुखबीर सिंह सन्धु से मामले की रिपोर्ट तलब की है। युवाओं के प्रदर्शन से गुरुवार को दिन भर देहरादून की कई सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। युवा विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधलियों की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

युवाओं का प्रदर्शन बुधवार से चल रहा है। इस बीच युवाओं के आक्रोश को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सख्त प्राविधानों वाले उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश 2023 को अनुमोदन देते हुए राज्यपाल की मंजूरी के लिए राजभवन भेज दिया है। इस अध्यादेश में नकल करने और नकल कराने वाले दोषियों के लिए आजीवन कारावास तक की सजा का प्राविधान किया गया है। यही नहीं 10 करोड रुपए तक के जुर्माने से लेकर भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने पर रोक लगाने जैसी सख्त सजा का प्राविधान है।

## भारत के उज्ज्वल भविष्य में दुनिया के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी : मोदी

**लखनऊएजेंसी, ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया भर के निवेशकों को पूरे देश विशेषकर उत्तर प्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित करते हुये कहा कि भारत के उज्जवल भविष्य में पूरी दुनिया के उज्जवल भविष्य की गारंटी निहित है।

यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि आज भारत का हर नागरिक ज्यादा से ज्यादा विकास होते देखना चाहता है, वो अब भारत को जल्द से जल्द विकसित होते देखना चाहता है। ये जन आशाएं ही विकास के कार्यों में गति ला रही हैं।उन्होने कहा कि आज दुनिया की हर विश्वसनीय आवाज यह मानती है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ती रहेगी।

### गलती पर गहलोत की सफाई

# बजट लीक नहीं हुआ, मैं सॉरी भी बोल चुका हूं

**जयपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विधानसभा में पुराना बजट पढ़ दिया। इसे लेकर विपक्ष सीएम गहलोत पर हमलावर है। बजट भाषण के बाद गहलोत ने मीडिया के सामने पुराना बजट पढ़ने पर सफाई दी। उन्होंने कहा- बजट लीक नहीं हुआ, गलती को तुरंत ठीक किया गया और मैंने सरी भी बोल दी। विपक्ष की ओर से बात का बतंगड़ बनाया गया है।

सीएम ने कहा कि हमने बजट को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पूरी तैयारी की, लेकिन भाजपा को ये सहन नहीं हुआ। इसलिए बात का बतंगड़ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2028 क टारगेट लेकर हमने यह बजट बनाया है। चुनाव के हिसाब से कोई काम नहीं किया।



दुनिया में सबसे अच्छी स्कीम चिरंजीवी योजना है।इसका फायदा सभी को मिलेगा।

गहलोत ने कहा कि बीजेपी के लोग चाहते थे कि बजट को सुना जाए। किसानों और युवाओं का बजट में खास ख्याल रखा गया है। बजट लीक होने की बात साफ अफवाह है। बजट 0.1 परसेंट भी लीक हुआ होता तो गम्भीर बात होगी। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट होने जा रही है। दरअसल, राजस्थान विधानसभा सदन में सीएम अशोक गहलोत अपने बजट भाषण के दौरान अचानक अटक गए। मालूम हो कि गहलोत ने सुबह 11 बजे बजट भाषण पढ़ना शुरू किया और थोड़ी ही देर बाद वह बजट पढ़ते पढ़ते अटक गए। गहलोत ने 125 दिन शहरी रोजगार गारंटी योजना की जानकारी बजट में आते ही गलती का एहसास हुआ।

इस दौरान मंत्री महेश जोशी ने सीएम के पास जाकर यह गलती बताई और इस पर सीएम ने माफी मांगते हुए कहा कि गलती हो जाती है। वहीं, इधर विपक्ष ने सवाल पूछा कि बजट के पेपर में पुराने बजट के कागज कैसे आ गए। बीजेपी नेता गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि सीएम ने पुराना बजट भाषण पढ़ा है।

# सीएम ने किया 'प्रथम ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस' का शुभारम्भ

## ग्रामीण विकास को इससे मिलेंगे नये आयाम : सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संपूर्ण विश्व विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अविष्कारों और अनुसंधानों के इस युग में वैज्ञानिक एवं तकनीकि विकास की चेतना ने सभी के जीवन को प्रभावित किया है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जी ने जय जवान, जय किसान के नारे के साथ जय विज्ञान जोड़ा वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें जय अनुसंधान को जोड़कर एक नया आयाम दिया।

शुक्रवार को यूकस्ट, परिसर, विज्ञान धाम, झाझरा में तीन दिवसीय 17वीं उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कांग्रेस -2023 के अन्तर्गत 'प्रथम ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस' का शुभारम्भ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस का यह देश का पहला आयोजन हो रहा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सार्थक करने और राज्य के समेकित विकास को गति प्रदान करने में यह आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हाइड्रोपोनिक यूनिट, क्यू आर कोड आधारित जैव विविधता पार्क एवं प्राईड अफ उत्तराखण्ड एक्सपो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस, उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास यात्रा एवं विज्ञान पर चर्चा पुस्तकों का विमोचन भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वैज्ञानिकों को विज्ञान पुरोधा सम्मान एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड प्रातिक सौन्दर्य के साथ-साथ प्रातिक संसाधनों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण राज्य है। प्रातिक संसाधनों के उचित प्रयोग से राज्य में जैविक षि को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास से ही किसी राज्य और देश के विकास का प्रारूप तैयार होता है। इस विज्ञान कांग्रेस का लक्ष्य हमारे गांवो का समुचित विकास करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सभी के लिये गौरव का विषय है कि नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में यूकास्ट उत्तराखण्ड को बेस्ट पैवेलियन का अवार्ड मिला। उन्होंने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य



बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह आयोजन इस संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस ग्राम्य विकास की दिशा में एक अनूठा प्रयोग है। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण संस्ति, षि, ग्रामीण पर्यटन और व्यंजन जैसे विभिन्न विषयों पर संवाद स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस 2025 तक सशक्त उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए रौडमैप बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड के सर्वागीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्राम्य विकास एवं षि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार षि एवं अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। पिछले दो सालों में राज्य में जैविक खेती के क्षेत्र में काफी कार्य हुए है। राज्य में 34 प्रतिशत जैविक उत्पादन हुआ है, जिसे 2025 तक 60 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। षि के साथ ही हर्टीकल्चर के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। एप्पल एवं कीवी मिशन को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से मिलेट को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दुगुनी करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

पद्मभूषण, पर्यावरणविद् ड. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि प्रथम ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस में विज्ञान और षि से जुड़े लोग एक मंच पर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए जो यह विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है, इसके आने वाले समय में काफी सार्थक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इकोनमी के साथ इकोलजी का समन्वय बहुत जरूरी है। हमें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाना होगा। यह पलायन को रोकने में भी काफी कारगर होगा। लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना होगा।

इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर, सचिव शैलेश बगोली, महानिदेशक यूकास्ट प्रो. दुर्गेश पंत, वैज्ञानिक ड. डीक्रे. असवाल, आयोजक सचिव ड. अपर्णा शर्मा, विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं विभिन्न राज्यों से आये वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# खाई में गिरी शादी की कार व बाइक, दो की मौत

**देहरादून।** देहरादून में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। आशारोड़ी चेकपोस्ट के पास एक शादी की गाड़ी ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला और पुरुष की मौत हो गई। वहीं, गाड़ी में सवार दूल्हा- दुल्हन समेत चार लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब ढाई बजे की है। कार संख्या यूके07डीपी-5100 पटियाला से दूल्हा- दुल्हन को वापस लेकर देहरादून आ रही थी।

कार में चालक समेत चार लोग सवार थे। पुलिस चौकी आशा रोड़ी से करीब 200 मीटर पहले कार की टक्कर एक मोटरसाइकिल संख्या यूपी-11बीएफ-6817 से हो गई। बाइक पर दो लोग सवार थे जो सहारनपुर की ओर जा रहे थे।

इस दौरान दोनों वाहन सड़क से 20 मीटर नीचे खाई में गिर गए। घटना में घायल बाइक सवार महिला और पुरुष व कार सवार पंडित को 108 के माध्यम से दून अस्पताल भेजा गया, जहां पर डक्टरों ने बाइक सवार महिला और पुरुष को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल पंडित का इलाज दून अस्पताल में चल रहा है। हादसे में कार सवार दूल्हा-दुल्हन व चालक को हल्की चोटें आई हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

**मृतकों के नाम पताः**

- रानी पत्नी जमशेद, निवासी काजीपुरा, नवादा रोड, सहारनपुर
- शाहबाज पुत्र जमशेद निवासी काजीपुरा, नवादा रोड, सहारनपुर

**ये हुए घायल**

- संदीप रतूड़ी पुत्र मांगेंद्र दत्त रतूड़ी, नि- अजबपुर कला, स्प्रिंग हिल स्कूल के पास (पंडित)
- सिद्धार्थ नवानी(28 ) पुत्र स्वर्गीय अनूप नवानी निवासी ए 165 नेहरू कलोनी देहरादून (दूल्हा)
- श्रीमती रूहानी(24)पत्नी सिद्धार्थ नवानी निवासी ए 165 नेहरू कलोनी देहरादून (दुल्हन)
- वाहन स्वामीध्चालक मनोज नवानी(50) ए 165 नेहरू कलोनी देहरादून।

# केदारनाथ यात्रा की सभी तैयारियां 15 अप्रैल से पूर्व करें : डीएम

## बिना परिचय पत्र के किसी भी दशा में यात्रा मार्ग में नहीं मिलेगी अनुमति



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम वर्ष-2023 की यात्रा को सुगम, सुदृढ़ एवं सफल संचालन के लिए की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में यात्रा से जुड़े सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा को लेकर जिस स्तर से जो भी कार्य एवं व्यवस्थाएं की जानी हैं उन सभी व्यवस्थाओं एवं कार्यों को 15 अप्रैल, 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिए हैं कि केदारनाथ धाम में संचालित हो रहे डंडी-कंडी हॉकरों के भी अनिवार्य रूप से परिचय पत्र निर्गत करें। बिना परिचय पत्र के किसी भी दशा में डंडी-कंडी संचालकों, घोड़ा-खच्चरों हॉकरों एवं मालिकों को यात्रा मार्ग में अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। बिना परिचय-पत्र के पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता डीडीएमए को निर्देश दिए हैं कि केदारनाथ धाम एवं पैदल ट्रैक रूट में जो भी कार्य किए जाने हैं उन कार्यों को अनिवार्य रूप से 15 अप्रैल,2023 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ट्रैक रूट पर रैलिंग कार्य एवं यात्री शेड कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीतापुर एवं अन्य पार्किंग के लिए जो भी टैंडर प्रक्रिया की जानी हैं उन्हें माह मार्च के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के लिए एसओपी तैयार करते हुए सभी प्रक्रिया समय से पूर्ण कर ली जाए तथा यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों का ठीक ढंग से संचालन हो इसके लिए सभी कार्यवाही पूर्ण करने करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में जो भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी हैं उन सभी की व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। डीएम ने जल संस्थान को केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग में पानी की आपूर्ति सुचारू करने के साथ ही घोड़े-खच्चरों के लिए गरम पानी की चरियों की व्यवस्था को भी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने केदारनाथ एवं यात्रा मार्ग में आवासीय व्यवस्था हेतु जो भी टैंट लगाए जाने हैं उसके लिए जीएमवीएन को समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में खाद्य पदार्थों की रेट सूची अनिवार्य रूप से लगाए जाने के लिए समय से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# उत्तराखण्ड बेरोजगार संघ के सदस्यों ने की अपर मुख्य सचिव से भेंट



देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड बेरोजगार संघ के सदस्यों ने भेंट की। बेरोजगार संघ के सदस्यों ने अपर मुख्य सचिव रतूड़ी को अपने मुद्दों से अवगत कराया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बेराजगार संघ द्वारा रखे गये मुद्दों से माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा अपनी बात शांतिपूर्वक तरीके से रखें। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बिल्कुल निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाए। इसी उद्देश्य से उत्तराखण्ड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लाया गया है। गत दिवस उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश -2023 के प्रख्यापन हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। इतना सख्त कानून बनाने का उद्देश्य है कि राज्य के युवाओं का भविष्य उज्ज्वल रहे। युवाओं को अपनी मेरिट के आधार पर नौकरी मिलें। देश में इतना सख्त कानून किसी भी अन्य राज्य में नही है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि गत एक वर्ष से परीक्षाओं में धांधली से सम्बन्धित शिकायतों पर पूरी निष्पक्षता से जांच हुई है। जांच के परिणामस्वरूप कई दोषी जेल की सलाखों के पीछे हैं। सरकार ने अत्यन्त त्वरित कार्यवाही की है। बहुत सख्ती से जांच हुई है। भर्ती परीक्षाओं में अनुचित कार्य करने की मंशा रखने वाले लोगों के लिए एक कड़ा संदेश गया है।

# शहीद की पुण्यतिथि पर छात्रों को पुरस्कार दिए



देहरादून। शहीद कुंदन सिंह नेगी के शहीदी दिवस पर गणेशपुर, शिमला बाईपास रोड स्थित स्कूल में समारोह हुआ। इस दौरान शहीद कुंदन सिंह नेगी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार दिए गए। कुंदन सिंह नौ फरवरी 1995 को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में आंतकी हमले में शहीद हो गए थे। उनकी स्मृति में लक्ष्य पब्लिक स्कूल की स्थापना की गई। यहां गुरुवार को कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट प्रमोद जोशी और विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद की पत्नी रणवीरी नेगी शामिल हुए। इस दौरान शहीद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम शुरू हुआ। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य और नाटक का मंचन कर शहीद कुंदन सिंह नेगी को अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी। छात्रों की प्रस्तुति पर वहां मौजूद लोग भी भावुक हो गए। इस दौरान गौरव सेनानी एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर राणा, विद्यालय की प्रबंध निदेशक रेखा नेगी आदि शामिल रहे।

## गन्ना किसानों का खरीद इंडेंट बढ़ाए चीनी मिल प्रशासन

ऋषिकेश। गन्ना किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने डोईवाला चीनी मिल के ईडी से मुलाकात की। उन्होंने गन्ना किसानों का गन्ना खरीद इंडेंट बढ़ाने और डोईवाला में बीज शोध केंद्र को सुचारू रूप से चलाने की मांग की।

शुक्रवार को कांग्रेस नेता गौरव सिंह के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल डोईवाला चीनी मिल पहुंचा। वहां उन्होंने अधिशासी निदेशक डीपी सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं को रखा। उन्होंने डोईवाला क्षेत्र के गन्ना किसानों की खरीद का इंडेंट बढ़ाने की मांग की। उन्होंने डोईवाला क्षेत्र में बीज शोध केंद्र को सुचारू रूप से चलाने की भी मांग की।

# 18 परीक्षा केंद्र पर 4748 अभ्यार्थी देगें परीक्षा



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि राजस्व उपनिरीक्षक/लेखपाल परीक्षा के लिए जनपद में 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें कुल 4748 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र में घड़ी, स्मार्ट वाच, मोबाइल फोन एवं गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस को परीक्षा के दौरान कडी सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा टीमों को अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 12 फरवरी, रविवार को आयोजित होने वाली राजस्व उप उपनिरीक्षक पटवारी/लेखपाल परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। सभी केन्द्रों पर परीक्षा से एक दिन पूर्व ब्रीफिंग की जाए और अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की जाए। अपर जिलाधिकारी ने नियुक्त सभी अधिकारियों को संवदेनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों से 9:30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में पहुंचने की अपील की। बैठक में सभी सैक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शहीद राकेश चंद्र के बलिदान दिवस पर विधायक ने किया नमन

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक अंतर्गत बड़ोवाला की कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी शहीद राकेश चंद्र रतूड़ी के बलिदान दिवस पर विधायक सहदेव पुंडीर ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके परिजनों से भेंट की। शुक्रवार सुबह शहीद के बड़ोवाला स्थित आवास पर पहुंचे विधायक ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि पूरा देश अपने शहीदों के बलिदान को कभी भुला नहीं सकता है। देश के लिए शहीदों की कुर्बानी प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जब कोई जवान शहीद होता है, यह सिर्फ परिवार की ही क्षति नहीं होती है, बल्कि पूरे देश की क्षति होती है। एक जांबाज का जाना पूरे देश को झकझोर देता है। देश के शहीद पूरे देशवासियों के लिए बलिदानी महापुरुष हैं, जिन्होंने अपने अदम्य शौर्य और साहस से हमारी सीमाओं को दुश्मनों से बचाने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि जवानों के हौसले, धैर्य, संयम और संकल्प के बलबूते पर ही दुनिया की कोई भी ताकत भारतमाता की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकती है। उन्होंने बताया कि शहीद राकेश चंद्र छह महार रेजीमेंट में हवलदार के पद पर तैनात थे, जिन्होंने 10 फरवरी 2018 को जम्मू कश्मीर के सुजान कैंप में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

### भोजनमाताओं ने की शिक्षा महानिदेशक से 8 हजार मानदेय दिए जाने की मांग

विकासनगर। प्रदेश के विद्यालयों में कार्यरत भोजनमाताओं ने शिक्षा महानिदेशक से मानदेय बढ़ाए जाने समेत कई अन्य लंबित मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई है। शुक्रवार को महानिदेशालय पहुंचे भोजनमाता संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने इस आशय का ज्ञापन महानिदेशक को सौंपा। ज्ञापन सौंपने महानिदेशालय पहुंची भोजनमाता संगठन की प्रदेश अध्यक्ष उषा देवी ने बताया कि बीस वर्ष से अधिक समय से सरकारी विद्यालयों में भोजनमाताएं अपनी सेवा दे रही हैं,

# बेरोजगार युवाओं पर लाठी चार्ज के खिलाफ पछुवादून में प्रदर्शन



विकासनगर। पटवारी भर्ती समेत विभिन्न नौकिरयों में हुए घपले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर देहरादून में प्रदर्शन कर रहे बेरोजगार युवाओं पर की लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को पछुवादून में कांग्रेस समेत विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काली फीती बांध कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने के बाद तिलक भवन में उपवास किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य संजय जैन ने कहा कि युवक कांग्रेस की ओर से पुलिस कार्रवाई के खिलाफ शुक्रवार को प्रदर्शन करने की घोषणा की गई थी, लेकिन युवक कांग्रेस के विधान सभा अध्यक्ष को सुबह ही पुलिस ने हरबर्टपुर पुलिस चौकी में बिठा दिया और धारा-144 का हवाला देकर उन्हें प्रदर्शन नहीं करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे जाहिर है कि भाजपा सरकार युवाओं का उत्पीड़न करने के बावजूद अपने खिलाफ एक शब्द भी सुनना नहीं चाहती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सभी नौकरियों में हुए घपले में भाजपा नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने पहले घोटालेबाजों को शह दी। प्रश्न-पत्र बेच कर की गई कमाई की बंदरबांट की गई। अब युवाओं के सड़क पर उतरने से भाजपा सरकार बौखला गई है। उन्होंने कहा कि सरकार भर्ती घोटालों के माध्यम से सरकारी विभागों में अपने चहेतों को भर्ती करना चाहती थी, इससे भाजपा नेताओं को तात्कालिक तौर पर आर्थिक लाभ भी पहुंचा, जबकि भविष्य में इन्हीं लोगों के माध्यम से सरकारी विभागों में और घपलों को अंजाम दिए जाने की रणनीति थी,

## भर्ती घोटालों की जांच सीबीआई से कराए : राजकुमार

देहरादून। राजपुर रोड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकुमार ने बेरोजगार युवाओं से पुलिस द्वारा बदसलूकी, धक्का-मुक्की एवं लाठीचार्ज करने की निंदा की।

सरकार से भर्ती घोटालों की जांच सीबीआई या उच्च न्यायालय के जज से कराने की मांग उठाई। राज्य में अभी तक जितनी भी भर्तियां की गई हैं, उन सभी भर्तियों के घोटालों में सत्ताधारी दल के लोगों की संलिप्तता स्पष्ट रूप से देखने को मिली है। खुलासों में भाजपा नेताओं का हाथ होने से स्पष्ट हो जाता है कि राज्य में भर्ती घोटाला तंत्र सरकार के संरक्षण में फल फूल रहा है।

# कैसे लगेगा दलालों के गोरखधंधे पर अंकुश.. ?

देहरादून। दून अस्पताल की इमरजेंसी में दलालों की सक्रियता फिर से बढ़ गई है। अस्पताल प्रबंधन एवं पुलिस में समन्वय नहीं होने एवं कुछ डॉक्टरों एवं स्टाफ की सांठगांठ होने के चलते इस गोरखधंधे पर अंकुश नहीं लग पा रहा है और गरीब मरीजों को निजी अस्पतालों के दलाल गुमराह कर ले जा रहे हैं। इन निजी अस्पतालों में मोटी रकम वसूली जाती है। बुधवार-गुरुवार मध्य रात्रि को करीब दो बजे एक दलाल को मरीज के तीमारदारों को गुमराह कर निजी अस्पताल में ले जाने को दबाव बनाते पकड़ लिया गया। दलाल को पुलिस को सौंप दिया गया, लेकिन कुछ देर में ही उसे छोड़ दिया गया। अब अस्पताल प्रबंधन एवं पुलिस में इसे लेकर तहरार हो गई है। पुलिस का तर्क है कि अस्पताल ने तहरीर नहीं दी। पिछले मामलों में भी ऐसा ही रवैया अस्पताल प्रबंधन का रहा है। अस्पताल के अफसर या संबंधित डॉक्टर तहरीर नहीं देते हैं।

डिप्टी एमएस डा. धनंजय डोभाल का कहना है कि सुरक्षा कर्मियों और पीआरओ सेल के कर्मचारियों ने तीमारदारों को गुमराह कर रहे एक युवक को पकड़ा था। जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस को उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए थी। यदि तहरीर आदि की बात थी तो उनसे संपर्क किया जा सकता था। एमएस ऑफिस रात को बंद रहता है, सुबह तहरीर दी जा सकती थी। ऐसे इन संदिग्ध व्यक्तियों के हौंसले बढ़ेंगे।

# युवाओं को भ्रमित करने वालों के साथ ही पुलिस की भूमिका की भी होगी जांच :भट्ट

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को भ्रमित करने वालों के साथ ही पुलिस भूमिका भी जांच कराई जाएगी। शुक्रवार को भट्ट ने मीडिया के दौरान बेरोजगार छात्रों पर लाठीचार्ज एवं पथराव की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि भाजपा योग्य परीक्षार्थियों के साथ सदैव खड़ी है, यदि कोई षड्यंत्र किया गया है अथवा पुलिस, प्रशासन की ओर अनावश्यक लाठीचार्ज किया गया तो उसकी भी जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कारवाई कराई जाएगी। भट्ट ने प्रदेश के युवाओं से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने तथा वार्ता करने का अनुरोध किया। कहा की यह युवा हमारे ही परिवारों के बच्चे हैं और हम इन्हें सड़कों की अपेक्षा परीक्षा हॉल तथा सेवाओं में देखना चाहते हैं, आखिरकार तो यही उत्तराखंड का भविष्य है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल इन युवाओं की ऊर्जा का दुरुपयोग कर कर अपने स्वार्थों की सिद्धि करना चाहते हैं, जो हमें कतई मंजूर नहीं है। उन्होंने युवाओं को ऐसे तत्वों के भ्रम जाल में ना आकर अपने तथा उत्तराखंड के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में बढ़ने की अपील की है।

## संदिग्ध कार से 13 पेटी शराब बरामद

ऋषिकेश। शहर में एक संदिग्ध कार से पुलिस ने अंग्रेजी शराब की 13 पेटियां बरामद की है। तस्कर पुलिस हत्थे नहीं चढ़ सका है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। कार को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक रेलवे रोड पर एक संदिग्ध कार दिखी। कार की तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब के अलग-अलग ब्रांड की 13 पेटियां बरामद हुई। मौके पर कोई शख्स पुलिस को नहीं मिला, जिसके चलते पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि कार के नंबर के आधार पर अज्ञात की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# लाठीचार्ज को लेकर तीर्थनगरी में उबाल




ऋषिकेश। देहरादून में हुए लाठी चार्ज को लेकर तीर्थनगरी के युवाओं में भी उबाल है। शुक्रवार को ऋषिकेश, डोईवाला, श्यामपुर, मुनिकीरेती में युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। बेरोजगारों ने हाथों में गुलाब लेकर मौन जुलूस निकालकर विरोध जताया। उन्होंने भर्ती घोटालों में सीबीआई जांच करने की मांग की।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन के समक्ष प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। एआईसीसी सदस्य जयेंद्र रमोला ने कहा कि बीते दो दिनों से उत्तराखंड के बेरोजगार युवा गांधी पार्क में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, इन युवाओं पर प्रदेश सरकार के निर्देश पर पुलिस ने बर्बरता पूवर्क लाठीचार्ज किया है, जो निंदनीय है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रजापति ने कहा कि सरकार युवाओं की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है। यूकां के विधानसभा अध्यक्ष गौरव राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के साथ बर्बरता की गई है, जो बेहद शर्मनाक है। सरकार हिटलरशाही दिखा रही है।

# लाठीचार्ज के विरोध में सरकार और पुलिस का पुतला फूंका



नई टिहरी। बीते गुरुवार को देहरादून में बेरोजगार युवाओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सत्यमेव जयते संगठन से जुड़े युवाओं ने सरकार और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर उनका पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि सरकार पुलिस के दम पर बेरोजगार युवाओं की आवाज को दबाने का काम कर रही है। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बौराड़ी स्थित साई चौक में प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदेश सरकार का पुतला आग के हवाले किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि प्रदेश के इसारे पर पुलिस ने बेरोजगार युवाओं पर लाठी चार्ज कर युवाओं की आवाज को दबाने का काम किया है।

## समूह ग की भर्ती में बाहरी लोगों के आवेदन स्वीकार किए जाने का विरोध

देहरादून। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन ने समूह ग की भर्ती में बाहरी लोगों के आवेदन स्वीकार किए जाने का विरोध किया। संगठन ने समूह ग की भर्ती में स्थायी निवास की बजाय मूल निवास प्रमाण पत्र की व्यवस्था अनिवार्य किए जाने की मांग की। स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिकारी के 1564 पदों पर राज्य से बाहर के लोगों को मौका देने को राज्य के युवाओं के हितों से खिलवाड़ करार दिया।

# होली के बाद आयोजित होगा बजट सत्र

देहरादून। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि बजट सत्र मार्च में होली के बाद आयोजित होगा। सत्र गैरसैण में ही आयोजित करने की तैयारी है। हालांकि बजट सत्र के कार्यक्रम पर कैबिनेट अंतिम निर्णय लेगी।राज्य कर मुख्यालय में बिल लाओ ईनाम पाओ योजन के तहत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में संसदीय कार्यमंत्री ने कहा किस बजट की तैयारियां अंतिम दौर में है। सरकार प्रदेश के सभी लोगों, सभी वर्गों से ईमेल, वाट्सअप पर सुझाव ले रही है। जल्द ही पूर्व की तरह संवाद भी किए जाएंगे।

भर्ती परीक्षाओं पर उठ रहे सवालों के बीच अग्रवाल ने कहा कि युवा धैर्य रखें। सीएम पुष्कर सिंह धामी नकल विरोधी अध्यादेश को मंजूरी दे चुके हैं। प्रदेश में देश सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाया जा रहा है। नकल माफिया को युवाओं के सपनों और हितों के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। बीते रोज पथराव और लाठीचार्ज की घटना पर टिप्पणी करने से अग्रवाल बचे। उन्होंने कहा कि बीते रोज देहरादून से बाहर होने की वजह से उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

## ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नजीबाबाद से कोटद्वार आने वाली ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर राजकीय बेस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि रेलवे के आरपीएफ की ओर से सूचना दी गई कि सांय को करीब 6 बजे नजीबाबाद से कोटद्वार आने वाली ट्रेन की चपेट में आने से कौड़िया निवासी 40 वर्षीय राजेन्द्र सिंह पुत्र जशवंत सिंह की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर राजकीय बेस अस्पताल लेकर आई। एसएस-।आई ने बताया कि घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली जा रही है।

# लाठीचार्ज का विरोध, पुलिस ने छीना सीएम का पुतला

## देहरादून में लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार।** देहरादून में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे युवाओं पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किए जाने के विरोध में यूथ कांग्रेस व एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान जैसे ही युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का पुतला लेकर कोटद्वार तहसील में पहुंचे पुलिस ने पुतले को छीन लिया। पुतले को लेकर युवा कांग्रेस व पुलिस के बीच छीनाझपटी का खेल चलता रहा।

शुक्रवार को युवा कांग्रेस ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तालाबंदी की। महाविद्यालय बंद करने के बाद कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में पहुंचे। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हिमांशु बहुखंडी व विजय रावत ने जैसे ही पुतला दहन करने की तैयार शुरू की पुलिस मौके पर पहुंची और पुतला छीनने लगी। पुतले को लेकर पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच काफी छीनाझपटी भी होती रही। इसके उपरांत पुलिस पुतले को अपने साथ लेकर चली गई। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित राज सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश का युवा लगातार पेपर लीक की घटनाओं से हताश और आक्रोशित है। युवा सरकार से पेपर लीक घोटाले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं।

इसी कम में देहरादून में आंदोलन कर रहे युवाओं पर उनकी आवाज को दबाने के लिए पुलिस की ओर से बल प्रयोग कर उन्हें शारीरिक और मानसिक पीड़ा पहुंचाने का कार्य किया गया, जिसे उचित नहीं कहा जा सकता।

कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इसका विरोध करते हैं और इसके लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करती है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विष्णु विट्ठल उनियाल, प्रवेश रावत, अनिल रतूड़ी, अनिल चौधरी, राजा आर्य, बलबीर सिंह रावत, अनुराग रावत, पारस नेगी, सूरज कांती और अमन जखमोला आदि थे।



कोटद्वार तहसील में पुतले की छीनाझपटी करते पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ता

# उक्रांद ने उठाई मांग, बर्खास्त हो प्रदेश सरकार

जयन्त प्रतिनधि।

**कोटद्वार :** देहरादून में अपनी मांग को लेकर आंदोलन कर रहे बेरोजगार युवाओं पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग करने पर उत्तराखंड क्रांति दल ने रोष व्यक्त किया है। इस संबध में दल के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर उनसे प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है।



कोटद्वार में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे उक्रांद कार्यकर्ता

शुक्रवार को ज्ञापन प्रेषित करते हुए दल के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। कानून व्यवस्थाव राजकाज में वर्तमान राज्य सरकार फेल हो चुकी है। इस बात का सबूत देहरादून में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे युवाओं पर हुए लाठी चार्ज से पता चल जाता है। सरकार ने उनकी बात मानने के बजाय उन पर बल प्रयोग कर दिया। वहीं दूसरी ओर सरकार घोटालेबाज राजनेताओं और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवा-ई करने के बजाय उन्हें संरक्षण प्रदान कर रही है। घोटालेबाज मंत्रियों को सरकार की ओर से महत्वपूर्ण विभागों का जिम्मा सौंपा गया है। इसे उचित नहीं कहा जा सकता। इसलिए प्रदेश सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जगदीपक सिंह रावत, डा. शक्तिशैल कपरवाण, महेंद्र सिंह रावत, हरीश द्विवेदी, पितृशरण जोशी, यतेंद्र भट्ट, गुलाब सिंह रावत और कैलाश जोशी आदि थे।

## शिविर में बनाएं प्रमाण पत्र

**पौड़ी** : विकासखण्ड एकेश्वर में समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में बहुउदेश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विकास, खाद्य आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन आदि विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। साथ ही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख एकेश्वर दीपक पांथरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी योगेंद्र नेगी ने ब्लाक स्तर पर चल रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पौड़ी के नोडल अधिकारी धर्मेंद्र पंवार ने दिव्यांगो के पुनर्वास एवम रोजगार के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर में कुल 138 आवेदन आए। मानसिक दिव्यांगो के 13 व अन्य दिव्यांग प्रमाणपत्र के 44 आवेदन आए। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी योगेश नेगी, जिला पंचायत सदस्य कोटा सीमा सजवान आदि शामिल थे।

# आगामी लोकसभा चुनाव में जुट जाएं कार्यकर्ता

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** :भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने धरातल पर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की।



आयोजित कार्यसमिति की बैठक में दीप प्रज्ज्वलित करते पदाधिकारी।

शुक्रवार को आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को देखते हुए योजनाएं बना रही है। दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले परिवार तक सरकारी योजनाएं पहुंचे इसके लिए हमें गंभीरता से कार्य करना होगा। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ रही है। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। जिला प्रभारी राकेश नैनवाल ने कार्यकर्त्ता व प्रदाधिकारियों से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने की अपील की। इस मौके पर लैंसडौन विस के विधायक दलीप रावत, यमकेश्वर विस की विधायक रेनू बिष्ट, युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी शैलेंद्र सिंह बिष्ट, मोहन सिंह नेगी, विनोद रावत, विजयानंद पोखरियाल, राकेश देवरानी, शशि ध्यानी, अनीता गौड़, पंकज भाटिया, मीरा रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

# बेस अस्पताल से चिकित्सकों को न भेजे स्वास्थ्य शिविरों में

## बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर विस अध्यक्ष ने ली बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : कोटद्वार विधानसभा विधायक व प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अपने कैंप कार्यालय में बेस हॉस्पिटल के नवनियुक्त सीएमएस डॉक्टर विजयेश भारद्वाज के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बेस हॉस्पिटल से चिकित्सकों को बाहर स्वास्थ्य शिविरों में नहीं भेजने के निर्देश दिए।



कोटद्वार में बेस चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक से वार्ता करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण

आयोजित बैठक में विस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में चिकित्सकों को भी पूरी मेहनत से कार्य करना होगा। कहा कि चिकित्सक मरीजों की शिकायत को गंभीरता से लें। कहा कि पूर्व में कई बार अस्पताल में चिकित्सकों के नहीं मिलने की शिकायतें मिल रही हैं। जिससे मरीजों को परेशान हो रही है। बैठक में सीएमएस ने बताया कि कोटद्वार से बाहर स्वास्थ्य शिविर लगने के कारण डॉक्टरों को शिविर में भेजा गया है।

साथ ही उन्होंने बेस हॉस्पिटल में डॉक्टरों एवम नर्सों की कमी से भी विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी गढ़वाल को पत्र के माध्यम से निर्देशित करते हुए स्वास्थ्य शिविरों में डॉक्टरों की तैनाती तत्काल निरस्त करने व बेस अस्पताल में पूर्ववत कार्य करने के लिए कहा।

उन्होंने सीएमएस को एनएचएम के माध्यम से नर्सों की भर्ती करने का सुझाव दिया और स्थानीय बालिकाओं को भर्ती में प्राथमिकता देने को कहा। मौके पर उन्होंने सीएमएस को जनता की बीच हॉस्पिटल की छवि को स्वच्छ रखने व हॉस्पिटल के औचक निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया।

## पेपर लीक घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की

**श्रीनगर गढ़वाल** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री ऋतांशु कंडारी ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड राज्य की परीक्षाओं से पहले पेपर लीक के मामले लगातार आ रहे हैं। युवा सरकारी नौकरी पाने के लिए मेहनत कर रहे हैं लेकिन धनबल से अयोग्य अभ्यर्थी नौकरियां पा रहे हैं।

कहा यूकेपीएससी, यूकेएसएसएससी द्वारा आयोजित कराई जाने वाली पटवारी, जेई, एई, सचिवालय सुरक्षा, वीडीओ, वन दरोगा की परीक्षाओं में पेपर लीक की शिकायतें आई हैं। कहा एबीवीपी भ्रष्टाचार के इस मुद्दे को लेकर सीबीआई जांच की मांग व भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कानून को लागू कराए जाने की मांग करती है। कहा इस संदर्भ में प्रदेश भर में जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिए जाएंगे। (एजेंसी)

# 218 विद्यार्थियों को खिलाई आयरन फेलिक एसिड दवा



विद्यालय में विद्यार्थियों को एनीमिया की दवा देते शिक्षक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय इंटर कालेज सुरखेत के 218 छात्र–छात्राओं को आयरन फेलिक एसिड दवा खिलाई गई। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने बेहतर स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। कहा कि शरीर में खून की कमी हो जाने को एनीमिया करते हैं। जब शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी होने लगती है तो शरीर के अंगों में आक्सीजन कम मात्रा में पहुंचता है। इसके कारण शरीर दुर्बलता, थकान, त्वचा का पीला पड़ना, सांस फूलना, सिरदर्द जैसी कई परेशानी उत्पन्न होने लगती है। कहा कि बच्चों को दवा खिलाकर एनीमिया से मुक्त रखने के लिए समय–समय पर विशेष अभियान चलाया जाता है। इस मौके पर प्रमोद रावत, सरोज रावत, विजेता सिंह आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित हुई बस, 12 लोग घायल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य जाफरा के समीप उस समय एक बड़ा हादसा टल गया। जब, लोगों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में फंस गई। दुर्घटना में घायल 12 लोगों को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को छुट्टी दे दी गई।



कोटद्वार बेस अस्पताल में उपचार करवाते घायल ।

घाटना गुरुवार देर शाम की है। कौडिया से एक युवक के विवाह की तिथि तय करने स्वजन व अन्य रिश्तेदार उत्तरप्रदेश के ग्राम मंडावर गए हुए थे।

देर रात वापस लौटने के दौरान जाफरा के समीप अचानक यात्रियों की बस अनियंत्रित होकर सड़क से खड्ड की ओर उतर गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बस में 25 यात्री सवार थे। जिनमें से दस को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सालय से छुट्टी दे दी गई। बताया कि ललित व श्रीराम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## हर वर्ष तरक्की कर रहा जिला सहकारी बैंक

**कोटद्वार** : जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल (कोटद्वार) मुख्यालय का शुक्रवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक देहरादून के मुख्य महाप्रबंधक वीके बिष्ट ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक के कर्मचारी व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। सर्वप्रथम बैंक के महाप्रबन्धक सूर्य प्रकाश सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेट कर वीके बिष्ट का स्वागत किया गया। बैंक की वित्तीय स्थिति के विषय में महाप्रबन्धक द्वारा बताया गया कि बैंक का सकल लाभ गत वित्तीय वर्ष में 13 करोड़ था जिसके प्रचलित वित्त वर्ष में गत वर्ष के सापेक्ष अधिक रहने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त बैठक में बैंक के निक्षेप, वितरण, वसूली, एनपीए एवं डिजिटल बैंकिंग की प्रगति पर चर्चा की गयी। बैठक में गत वर्ष के मुकाबले बैंक की तरक्की पर खुशी व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य महाप्रबन्धक नाबार्ड द्वारा संयुक्त देयता समूह, कृषि उत्पादक संगठन एवं समितियों के व्यवसाय वृद्धिकरण आदि प्रमुख विषयों पर बैंक का मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड भूपेन्द्र सिंह, नाबार्ड अधिकारी श्री दीपक गाडेकर, बैंक के सचिव/महाप्रबन्धक सूर्य प्रकाश सिंह व बैंक उपमहाप्रबन्धक प्रवीन कुमार, चिराग बिष्ट एवं भूपेन्द्र सिंह तथा शाखा प्रबन्धक प्रदीप रावत, दीपचन्द्र पाण्डेय, जीके सिंह, देवेन्द्र प्रताप एवं मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारी राजीव चौहान, जिनेन्द्र नेगी, गौरव भट्ट्ट, धर्मेन्द्र चौहान, शिव सिंह भण्डारी, पूर्ण सिंह रावत, संतोष रावत, प्रवीन गुसाई, योगेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बेटियों के हित में चल रही योजनाओं की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बालिकाओं के भविष्य एवं सशक्तीकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कोटद्वार डाकघर से मुख्य डाकपाल महेश चंद्र देवरानी ने सुकन्या समृद्धि योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के लाभ बताते हुए कहा कि इस खाते में बचत करके बालिकाओं के लिए भविष्य की आर्थिक योजना बनाकर बेटियों को सशक्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर




कोटद्वार महाविद्यालय में कार्यशाला के दौरान योजनाओं की जानकारी देती शिक्षक

प्रीति रानी ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना को हमें अपने घर से शुरू करना होगा तभी सरकार द्वारा जो 21000 खातों को खोलने का जो लक्ष्य रखा गया है, वह साकार हो पाएगा। कार्यशाला में प्रो. प्रेम नारायण यादव, डॉ. किशोर चौहान, डॉ. अंशिका बंसल, डॉ. हीरा सिंह और डॉ. जुनीष कुमार सहित छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

# सारे अपराधों की जड़ है नशाः जोशी




बागेश्वर। नशे को ना जिंदगी को हां की थीम पर नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चला रही मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति अपने अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार को खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ में पहुंची। जहां मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन जोशी ने स्कूली छात्र–छात्राओं से युवा संवाद के जरिए नशे से दूर रहने की अपील की।विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जोशी ने कहा कि नशा ही सारे अपराधों की जननी है। कहा कि जिस देश का युवा नशे की गिरफ्त में होगा, फिर उस देश के लिए एक समर्थ राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए हम सब को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने तथा संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। यहां विद्यालय की छात्रा नम्रता बिष्ट, अंजली सुनौला, करिश्मा पपोला, भूमिका, अंकिता, छात्र सुमित बड़सीला, दक्ष बड़सीला, तनुष राणा, अनुज कुमार, रक्षित जोशी, मोहित गुणवंत, मनोज कश्यप, समीर सोलंकी ने युवा संवाद में अपनी बात रखी और नशे के विरुद्ध अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

## पुलिस ने 15 हजार का वांछित आरोपी दबोचा

रुद्रपुर। पुलिस ने लूट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पूर्व में मुकदमा दर्ज हुआ था।

पुलिस उसके तीन साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। पत्रकार वार्ता में एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि 28 नवंबर 2022 को सुशांत पुत्र तपन कुमार पाल को बाइक सवार दो बदमाशों ने पकड़कर जबरन एटीएम में ले गए थे और 20 हजार रुपये निकलवाकर लूट लिए। तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। जबकि चौथा आरोपी बिंदुखेड़ा निवासी खजान सिंह पुत्र चरण सिंह फरार था। उस पर 15 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

# यूथ कांग्रेस ने फूंका सीएम का पुतला



हल्द्वानी। युवा कांग्रेस ने देहरादून में युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी की अगुवाई में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। तिकोनिया में एकत्र हुए यूथ कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन भी किये प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू व जिला अध्यक्ष हर्षित भट्ट ने कहा भाजपा सरकार युवाओं पर अत्याचार कर रही है। देहरादून में युवाओं पर लाठीचार्ज बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार तत्काल इस्तीफ़ा देना चाहिऐ पूर्व उपाध्यक्ष गुरप्रीत प्रिन्स व प्रदीप नेगी ने कहा कि राज्य सरकार अंकिता हत्या कांड की सीबीआई जांच से डर रही है। इससे स्पष्ट है कि सरकार के बड़े नेताओं का हाथ है।पुतला दहन करने वालों में आसिफ अली, राधा आर्या, सुहैल, शाहनवाज मलिक, सचिन राठौर, हाजी नाजिम, हाजी इस्लाम उद्दीन, जावेद मिकरानी, निखिल कुमार, रिजवान अंसारी, नाजिम अंसारी, शानू अल्वी, मयंक गोस्वामी, शाकिर अहमद, आयुष नागर, नदीम सैफी, बिलाल खान आदि शामिल रहे।

# युकां ने निकाली सरकार की प्रतिकात्मक शवयात्रा



बागेश्वर। देहरादून में भर्ती घोटालों की जांच की मांग को लेकर आंदोलित बेरोजगारों पर लाठीचार्ज का युवा कांग्रेस ने विरोध किया है। उन्होंने नगर में सरकार की प्रतिकात्मक शवयात्रा निकाली। जिसका सरयू–गोमती संगम पर दहन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को समय रहते चेतना होगा। बेरोजगारों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध उग्र आंदोलन किया जाएगा। युवा शुक्रवार को नुमाइशखेत मैदान पर एकत्र हुए। यहां सभा आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि बीते दिवस देहरादून में पटवारी भर्ती में हुए घोटाले के विरोध में युवा सड़कों पर उतरे। सरकार के इशारे पर युवाओं पर बर्बरता से लाठीचार्ज हुआ। वह भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के बेरोजगारों के साथ अन्याय हो रहा है। जिसे वह सहन नहीं करेंगे। यहां कवि जोशी, गोकुल परिहार, भीम कुमार आदि रहे।

## व्यापारी ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

पिथौरागढ़। नगर के एक व्यापारी ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। शुक्रवार को नगर के पुरानी बाजार के कपड़े का कारोबार करने वाले व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी ने बताया कि वे पुलिस लाइन क्षेत्र में रहते हैं।

बीते छह फरवरी को किसी समस्या को लेकर वे एसपी कार्यालय गए थे। आरोप लगाते हुए कहा कि वहां पुलिस कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। इस घटना के बाद वे मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं।

भट्ट का कहना है कि पूर्व में भी उन्हें परेशान के लिए पुलिस ने फर्जी मुकदमा दायर किया था। उन्होंने भविष्य में भी पुलिस से जान माल का खतरा बताया है।

# उत्तराखंड के युवाओं को सड़क पर लायी भाजपा सरकार–नेता प्रतिपक्ष



हल्द्वानी। नगर के रामगढ़ तिराहे में यूथ कांग्रेस ने भजापा सरकार का पुतला जलाया। यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष पंकज बिष्ट,जिला उपाध्यक्ष अफ़सर अली की अध्यक्षता में पुतला दहन कर सरकार विरोधी नारे लगाए गए। सीबीआइ जांच कर भर्ती करवाओ सरकार होश में आओ नारे लगाये गये। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य विधायक सुमित ह्रदयेश ने युवाओं को समर्थन देकर धामी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं की आवाज को दबाने का काम कर रही है। देहरादून में युवाओं के साथ बर्बरता कर झूठे मुकदमे किये गए हैं। लाठीचार्ज कर लहूलुहान किया गया। भर्ती घोटाले में संलिप्त लोग सरकार के करीब नजर आ रहे हैं। अब युवा जाग गया है, सरकार को जल्द युवा जवाब देंगे। युवाओं का हम समर्थन करेंगे, सदन में भी प्राथमिकता के साथ इस मुद्दे को उठाया। जाएगा। विधायक सुमित ह्रदयेश ने कहा कि उत्तराखंड का युवा आज सड़को पर है। पीसीएस के छात्र सड़को पर हैं सरकार उन पर डंडे बरसाने का काम कर रही है। छात्र अपनी मांगों के लिए सड़कों पर थे आधी रात में उन पर लाठी बरसाई गई है। सरकार की बर्बरता युवाओं के लिए साफ नजर आ रही है, जनता उन्हें कभी माफ नही करेगी।

# सभी परीक्षाओं की सीबीआई जांच करने की मांग




बागेश्वर। भर्ती परीक्षाओं में मिल रही लगातार अनियमितताओं पर बागेश्वर के बेरोजगार युवाओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज युवाओं ने नगर में रैली निकाली और प्रदर्शन किया। इसके बाद अपर जिलाधिकारी के मामध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। इसमें अब तक हो चुकी सभी परीक्षाओं की सीबीआई जांच करने की मांग की है। जांच तक सभी परीक्षाएं स्थगित रखी जाएं। युवाओं ने पुलिस भर्ती में भी घोटाले की आशंका जताई है। चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो युवा उग्र आंदोलन करेगा। इसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। इस मौके पर भुवन जोशी, महेश बसेड़ा, लोकेश पांडे, हेमा कांडपाल, अरविंद, सोनू कुमार, पंकज कुमार, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

## चरस और गांजा पाउडर के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

अल्मोड़ा। एसओजी और लमगड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को मोरनौला चौकी पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चम्पावत देवीधुरा मोटरमार्ग की ओर से आ रहे आशिक अली उर्फ भूरा पुत्र बाबू खां, निवासी ग्राम नरऊ थाना पासऊ तहसील शिकारपुर, जिला बुलंदशहर के कब्जे से 151 ग्राम चरस और 1.235 किलो गांजा पाउडर बरामद किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। टीम में मोरनौला चौकी प्रभारी एसआई संजय जोशी, हेड कांस्टेबल मनोज क्वीरा, सिपाही बिशन बिष्ट रहे।

# मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी : सीएमओ




रुद्रपुर। फैमिली काउंसलरों के लिए चल रहे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन से पहले सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने कुमाऊं के सभी जिलों से आए काउंसलरों को फैमिली प्लेनिंग से जुड़ी कई जानकारियां दीं। एक निजी होटल में चल रहे 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन से पहले शुक्रवार को सीएमओ डॉ. शर्मा ने काउंसलरों को बताया कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर ध्यान देना सबसे जरूरी है। कहा कि 2013 में सरकार ने कॉल टू एक्शन (सीएटी) शिखर सम्मेलन आयोजन किया था। इसमें प्रजनन, मातृ, नवजात शिशु और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएन सीएच प्लस ए) का शुभारंभ किया था,

# बिल लाओ इनाम पाओ योजना के अंतर्गत ग्राहकों को पुरस्कर का वितरण



सितारगंजः उत्तराखंड सरकार की बिल लाओ इनाम पाओ योजना के अंतर्गत माह नवंबर के लकी ड्रॉ में खटीमा सितारगंज क्षेत्र के विजेताओं को 10 फरवरी 2023 को राज्य कर भवन खटीमा में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को स्मार्टफोन, स्मार्ट वॉच एवं एयर पोड वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयुक्त राज्य कर खटीमा डॉ० रिकन सिंह एवं अधीक्षक केंद्रीय कर खटीमा अमरजीत सिंह गिल द्वारा की गई। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष व्यापार मंडल खटीमा गौरीशंकर अग्रवाल एवं महामंत्री हिमांशु अग्रवाल, अध्यक्ष व्यापार मंडल सितारगंज राजीव गुप्ता, महामंत्री मनीष किनरा एवं संरक्षक नवतेज सिंह द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में बिल सत्यापन का कार्य दीपक सिंह सामंन्त एवं योगेश कुमार द्वारा संपादित किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर अधिकारी मनोज जोशी एवं निरीक्षक केंद्रीय कर हरिओम वर्मा उपस्थित रहे। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन माननीय वित्त मंत्री उत्तराखंड शासन के दिशा निर्देश में देहरादून में आयोजित किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक ग्राहकों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद (उपभोग) पर बिल लेने हेतु जागरूक करना है। योजना माह नवंबर 2022 से माह मार्च 2023 तक जारी है। बंपर पुरस्कार के रुप में एक लग्जरी कार दी जाएगी।राज्य कर विभाग खटीमा उत्तराखंड द्वारा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए सम्पर्क करने की अपील की गई है।

## वन्यजीव हमले में महिला की मौत से क्षेत्र में दहशत

अल्मोड़ा। घर के पास लकड़ी काटने को खेत में गई एक महिला की अज्ञात वन्यजीव हमले में मौत से सल्ट क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इधर, वन विभाग की 20 सदस्यीय दो टीमों ने गांव के आसपास गश्त तेज कर दी है। साथ ही घटना स्थल के आसपास सात कैमरे ट्रेप भी लगा दिए गए हैं। साथ ही पास में एक पिंजरा पहुंचा दिया गया । हालांकि पिंजरा लगाने की अब तक उच्चाधिकारियों से अनुमति नहीं मिली है।

झड़गांव ग्राम पंचायत के तया तोक निवासी यशवंत सिंह की पत्नी कमला देवी (38) बुधवार को घर के पास खेत में लकड़ी लाने को गई थी। देर शाम तक वह घर नहीं लौटी। इस पर परिजनों और वन विभाग की टीम ने खोजबीन शुरू की। गुरुवार सुबह उसका शव नहर के पास के खेत से बरामद हुआ था। महिला की मौत से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने करीब साढ़े पांच घंटे तक हाईवे भी जाम कर दिया था।

# मुनस्यारी में बारिश व उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात



पिथौरागढ़। मुनस्यारी के साथ ही जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ है। इससे सटे क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। खलिया,कालामुनि,मिलम,लास्पा के साथ दारमा, व्यास व लिपूलेख में भी ताजा हिमपात से यहां कड़-ाके की ठंड पड़ रही है। शुक्रवार को सुबह से ही हिमालय से सटे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदला रहा। उच्च हिमालयी चोटियों के साथ कई क्षेत्रों में हिमपात हुआ। हिमनगरी मुनस्यारी में दिन भर रुक–रुक कर बारिश होती रही । भारत चीन सीमा से सटे लिपूलेख में भी हिमपात हुआ है।

दारमा, व्यास के साथ अन्य क्षेत्रों ने भी बर्फ की चादर ओढ़ ली है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी व घाटी वाले क्षेत्रों में कई जगह बारिश के कारण पूरी जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मुनस्यारी सहित आसपास के क्षेत्रों में दिन में कई बार हुई बारिश से पारा लुढ़क गया । वहां न्यूनतम तापमान माइनस 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है ।अधिकतम तापमान 8 डिग्री रहा। जिले में ठंडी हवा की पूरे दिन सक्रियता से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इधर जिला मुख्यालय के साथ ही कई जगह आधे दिन बार आसमान में बादल छाए रहने से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ा।

# महाराष्ट्र से भटक कर अल्मोड़ा पहुंचा मानसिक रूप से कमजोर युवक



अल्मोड़ा। महाराष्ट्र से भटकर मानसिक रूप से कमजोर युवक अल्मोड़ा पहुंच गया, जिसे सोमेश्वर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सोमेश्वर पुलिस को पातली बगड़ क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक घूमता दिखाई दिया। जिससे पूछताछ की गई तो अपना नाम उमेश चौधरी पुत्र चुन्नीलाल चौधरी निवासी हड़पसर, थाना मुंडवा, पुणे महाराष्ट्र बताया। जो कि घर से नाराज होकर अल्मोड़ा आ गया।

थानाध्यक्ष विजय नेगी ने उसके परिजनों से संपर्क किया। युवक को सुरक्षा की दृष्टि से थाने पर ठहराया गया। उसके चाचा जीवा राम चौधरी के पुणे महाराष्ट्र से सोमेश्वर पहुंचने पर युवक को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया।

युवक के चाचा ने बताया कि भतीजे उमेश के अचानक घर से चले जाने पर सभी परिजन काफी परेशान थे।

## नर्सिंग अधिकारी पद पर उत्तराखंड के युवाओं को ही दें मौका

अल्मोड़ा। संविदा एवं बेरोजगार स्टाफ नर्सेज महासंघ ने नर्सिंग अधिकारी के रिक्त पदों पर केवल उत्तराखंड के ही बेरोजगार युवाओं को ही मौका देने की मांग की है। मामले शुक्रवार को बेरोजगार युवाओं ने अल्मोड़ा में डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि उत्तराखंड के अलावा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की ओर से नर्सिंग अधिकारी पद पर मौका देने को लेकर उच्च न्यायालय की शरण ली। जिसमें न्यायालय की ओर से उन्हें फार्म भरने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। युवाओं ने कहा कि बाहरी राज्य के लोगों को भर्ती में मौका दिए जाना उत्तराखंड के मूल निवासियों का हक छीनने की तरह है।

# लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों ने फूंका धामी सरकार का पुतला



पिथौरागढ़। शुक्रवार को गंगोलीहाट के मुख्य चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में धामी सरकार का पुतला दहन किया गया और सरकार के खिलाप जमकर नारेबाजी की गई ।वही कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बीरेंद्र मेहरा ने उत्तराखंड सरकार को युवा विरोधी बताया और धामी सरकार को होश में आने की चेतावनी देते हुए कहा गुरुवार को देहरादून में भर्ती घोटाले की जांच की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे नौजवानों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कांग्रेस घोर निंदा करती हैं ।पुतला दहन करने वालो में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह मेहरा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष नारायण सिंह बोहरा ,मनोज टम्टा, वीरेंद्र सिंह , यूथ विधानसभा अध्यक्ष मोहित शाह ,मनोज मेहरा , सभासद नीरज रावल, दीपक धानिक , सभासद बहादुर राम ,राजू रौतेला , सभासद संजय बोहरा , मालती आर्य ,किशोर कुमार ,अजय मेहरा ,पप्पी बोरा ,पुष्कर खाती, राकेश कुमार ,अनिल बिष्ट ,निखिल शाह ,घनश्याम शाह ,अभिषेक बिष्ट ,किशन भाटिया, राजू बिष्ट आदि शामिल रहे ।

# बहुउद्देशीय शिविर में बनाएं दिव्यांग सहित अन्य प्रमाण पत्र



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के मार्गदर्शन व दिशा-निर्देशों के क्रम में तहसील यमकेश्वर के ग्राम पंचायत कोठार के अंतर्गत कुनाउ गांव में उपजिलाधिकारी स्मृता परमार की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत किये गये। साथ ही पेंशन, आधार कार्ड, परिवार रजिस्ट्रर संशोधन सहित अन्य समस्याओं का निस्तारण किया गया।

उपजिलाधिकारी स्मृता परमार की अध्यक्षता में यमकेश्वर तहसील के कुनाउ गांव में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, खाद्य आपूर्ति, पंचायतीराज, समाज कल्याण ग्राम्य विकास विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों ने प्रतिभाग किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 4 के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये। कृषि विभाग द्वारा दवाइयों का वितरण करने के साथ ही 5 लोगों से किसान सम्मान निधि के फॉर्म भरवाये गये। राजस्व विभाग ने 4 आय प्रमाण पत्र तथा 3 स्थायी प्रमाण पत्र, सीएससी गंगा भोगपुर ने 4 परिवार रजिस्टर नकल, 2 आयुष्मान कार्ड, ई डिस्ट्रिक्ट यमकेश्वर ने 37 परिवार रजिस्टर तथा 1 संशोधन, खाद्य विभाग द्वारा 25 राशन कार्ड में 35 यूनिट दर्ज की गयी। इसके अतिरिक्त पंचायतीराज विभाग द्वारा 5 जन्म प्रमाण पत्र व 1 मृत्यु प्रमाण पत्र, समाज कल्याण ने 3 वृद्धावस्था फॉर्म, 1 किसान पेंशन फॉर्म, 1 विधवा पेंशन, व 2 दिव्यांग पेंशन फार्म वितरित कर सेवाओं का लाभ दिया। शिविर में आधार कार्ड हेतु 42 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 1 व्यक्ति द्वारा जॉब कार्ड हेतु आवेदन किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन पर इस तरह के शिविर अन्य स्थानों पर भी आयोजित किये जायेगें। शिविर में समस्याओं का त्वरित निस्तारण होने व विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलने से ग्रामीण उत्साहित नजर आए। शिविर में खण्ड विकास अधिकारी यमकेश्वर दृष्टि आनंद, तहसीलदार मनजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले में 40 परीक्षा केंद्रों पर 13416 अभ्यर्थी देगें पटवारी-लेखपाल परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद पौड़ी में 13416 अभ्यर्थी समूह 'ग' पटवारी-लेखपाल की भर्ती परीक्षा 3 स्थानों पर देंगें। कोटद्वार में 20, श्रीनगर में 12 तथा पौड़ी में 8 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। सभी 40 परीक्षा केन्द्रों पर 40 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 3 जोनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) तैनात किये गये है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अगामी 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली समूह 'ग' पटवारी-लेखपाल की भर्ती परीक्षा के सफल संपादन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों (जोनल मजिस्ट्रेट), सेक्टर मजिस्ट्रेट, और परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को परीक्षा की गोपनीयता, नकलविहीन, पारदर्शिता, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार के इलैक्ट्रानिक अथवा प्रिण्ट सामग्री को किसी भी हाल में न ले जायी जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने पौड़ी में यातायात व्यवस्था को लेकर अधीनस्थों को बेहतर प्लान बनाने, किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था बाधित न होने पाए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। आयोजित में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट जुड़े थे।

# युवाओं पर लाठी चार्ज के विरोध में निकाली रैली, किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : देहरादून में विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में श्रीनगर में छात्र संगठनों में उबाल आ गया है।

विरोध स्वरूप यहां विवि गेट से श्रीनगर के मुख्य मार्गों पर रैली निकालकर युवाओं ने गोला बाजार में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने भाजपा की राज्य व केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए युवाओं पर लाठी चार्ज को लेकर उठाए गए सरकार के इस कदम की कड़े शब्दों में निंदा की।

शुक्रवार को गोला बाजार में धरना प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने कहा कि बेरोजगार संघ की ओर से यूकेपीएसएसएससी के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की निष्पक्ष जांच सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा था, लेकिन पुलिस ने युवाओं पर लाठी चार्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर दिया।

उन्होंने कहा पुलिस ने जिस निर्ममता से लाठियां भांजी हैं वह उत्तराखंड आंदोलन की यादों को ताजा करने वाली हैं। इस मौके पर छात्र संघ महासचिव सम्राट राणा, उपाध्यक्ष रोबिन सिंह, आइसा के अंकित उछोली, शिवानी पांडेय, जय हो के आयुष मियां, सुधांशु थपलियाल, छात्रम संगठन के अनमोल भंडारी, अमन पंवार, एसएफआई से कमलेश नेगी, एआईडीएसओ से रेशमा पंवार, पूजा भंडारी, छात्र संघ सहसचिव रंजना, छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान, सौरभ चंद्र सानू बेरोजगार संघ के अरुण नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पेयजल संकट से आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर चौरास के मंगसू गांव में लंबे समय से पेयजल आपूर्ति चरमराने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। विरोध स्वरूप ग्रामीणों ने शुक्रवार को गांव के लिए जाने वाले संपर्क सड़क मार्ग पर आकर खाली पानी के बर्तनों के साथ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पेयजल आपूर्ति सही तरीके से नहीं सुधरती है उनका आंदोलन जारी रहेगा। मंगूस की प्रधान दीपिका डालिया, विनोद चमोली आदि ने कहा कि जल संस्थान की ओर से गांव में पेयजल आपूर्ति सही तरीके से नहीं कराई जा रही है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। कहा ग्राम सभा मंगसू का पानी अन्य गांवों को दिया जा रहा है। कहा जब तक जल संस्थान के ईई व एसडीएम जनता के समक्ष नहीं आते हैं और पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं कराते हैं तब तक अब वह मानने वाले नहीं हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो उन्हें अपने पानी के कनेक्शन कटवाने के लिए भी मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर अनूप डालिया, धनवीर सिंह राणा, आनंद लाल, शुक्ला डंगवाल, शकुंतला देवी, कृष्णा देवी, राहुल किशोर, राजेश कुमार, गुड्डी देवी, शाकुंबरी, दिगंबर, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# आठ परीक्षा केंद्रों पर लागू रहेगी धारा-144



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आगामी रविवार (12 फरवरी) को एकल सत्र में आयोजित होने वाली राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) की परीक्षा का सफल संचालन कराने हेतु परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा उक्त बावत आदेश जारी किया गया है।

उप जिलाधिकारी सदर अपर्णा ढौंडियाल ने बताया कि सब डिविजन रुद्रप्रयाग के अंतर्गत राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी/लेखपाल)-2022 की परीक्षा 8 केंद्रों में आयोजित की जानी है। एकल सत्र में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा अवधि में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं के साथ ही परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग आदि के मध्यनजर सब डिविजन रुद्रप्रयाग के परीक्षा केंद्रों में धारा-144 को प्रभावी किया गया है। परीक्षा केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सब डिविजन रुद्रप्रयाग की सीमांतर्गत कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इनमें राइकॉ रुद्रप्रयाग, राबाइकॉ रुद्रप्रयाग, श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल तिलणी, राजकीय पॉलीटेक्निक रतूड़ा, राइकॉ रतूड़ा, राइकॉ अगस्त्यमुनि, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि तथा अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि में उक्त परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी तथा उलंघन करने पर विधि कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## पीजी कॉलेज में पेपर राइटिंग पर कार्यशाला

नई टिहरी। पीजी कॉलेज नई टिहरी में भौतिक विज्ञान, गणित विभाग एवं आईक्यूएसी ने संयुक्त रूप से यू कोस्ट के वित्तीय सहयोग से साइंटिफिक पेपर राइटिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल के प्रो.आरसी रमोला, प्रो. कुलदीप रावत, डॉ. अजय सेमल्टी, डॉ. आलोक सागर गौतम, डॉ. आशीष रतूड़ी ने रिसर्च राइटिंग ऑफ एन इफेक्टिव रिसर्च पेपर विषय पर छात्रों को जानकारी देने के साथ समस्याओं के समाधान के बारे में बताया। मौके पर महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजीव नेगी, गुरुपद गुसाई, पूजा भंडारी, सुशील ककड़ियाल, राजकुमार त्यागी, संदीप बहुगुणा, सुभाष चंद्र नौटियाल, अजय बहुगुणा, पुष्पा पंवार, ममता रावत,वीपी सेमवाल, पीसी पैन्यूली, डीएस तोपवाल, डॉ. बीडीएस नेगी हंसराज बिष्ट, हरीश मोहन नेगी आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने बाल वैज्ञानिक को दी 50 हजार की सहायता राशि



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिले में शिक्षा के साथ ही नवाचार एवं रचनात्मकता के क्षेत्र में अग्रसर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सपना धन अभाव के कारण अपूर्ण न रहे तथा उनके सपनों को पूर्ण करने की दिशा में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा लगातार प्रयास करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जनपद निवासी शुभम काला को ड्रोन कैमरा बनाने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

ज्ञातव्य है कि 24, 25 अक्टूबर, 2022 को शिक्षा विभाग की ओर से हल्द्वानी में विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के कक्षा 12 के जीजीआईसी के छात्र शुभम काला ने ड्रोन कैमरा बनाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दिशा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र व सम्मानित करने के लिए जिला कार्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शुभम काला ने अपने ड्रोन कैमरे का प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को बताया कि वह ड्रोन कैमरे का मॉडल विकसित करना चाहते हैं जिसमें लगभग 2 लाख रुपए की धनराशि व्यय होने का अनुमान है। जिलाधिकारी द्वारा शुभम काला के ड्रीम प्रोजेक्ट को पूर्ण करने के लिए जनपद में रेलवे प्रोजेक्ट का कार्य कर रही मेघा कंपनी के सहयोग से 50 हजार रुपए की सहायता राशि का चेक शुभम काला को उपलब्ध कराया गया।

50 हजार रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए शुभम काला ने जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# केदारनाथ यात्रा में दें यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं : धन सिंह

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने अफसरों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि यात्रा में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को लेकर किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी।

कलक्ट्रेट सभागार में यात्रा तैयारी एवं व्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग में आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाए। इसके लिए गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पैदल मार्ग में हर एक किमी की दूरी में एमआरपी (मेडिकल रिलीफ पोस्ट) स्थापित किए जाएं। यहां पर्याप्त स्टाफ के साथ ही दवा एवं जरूरी उपकरण रखे जाएं। सभी एमआरपी में ऑक्सीजन कंसंटेटर की भी व्यवस्था की कराई जाए। केदारघाटी क्षेत्र में सभी जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए गुप्तकाशी में उप जिला चिकित्सालय खोले जाने के लिए भी भूमि चिन्हित करने के साथ ही जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। सोनप्रयाग में स्थाई चिकित्सालय तैयार किए जाने के लिए भी भूमि का चयन करने, यात्रा मार्ग में पयाप्त मात्रा में एंबुलेंस व्यवस्था भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि जरूरत पड़ने पर मरीज को तत्काल चिकित्सालय में उपचार के लिए भेजा जा सके।

मंत्री ने केदारनाथ धाम में बन रहे चिकित्सालय के निर्माण को शीघ्र पूरा करने, जिन चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के लिए आवास व्यवस्था नहीं है ऐसे, चिकित्सालयों में आवास बनाए जाने के लिए प्रस्ताव बनाने, यात्रा मार्ग में भी यात्रा कंट्रोल रूम स्थापित करने, केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पचास बड़े होर्डिंग एवं सौ छोटे होर्डिंग लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने त्रियुगीनारायण, तुंगनाथ आदि धार्मिक स्थलों में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी सभी चिकित्सा सुविधा देने को कहा। धन सिंह ने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सभी सुविधाएं एवं विभागीय स्तर पर धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। चारधाम यात्रा को बेहतर संचालित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने स्वास्थ्य मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा जो भी दिशा–निर्देश एवं सुझाव दिए गए हैं उनका पालन कराते हुए केदारनाथ यात्रा को बेहतर संचालित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग में की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं एवं डॉक्टर व स्टाफ तैनात किए जाने की जानकारी दी। केदारनाथ में तैनात किए जाने वाले डाक्टर तैनात किए जाएंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चैधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कप्रवाण, सीडीओ नरेश कुमार, एडीएम दीपेंद्र सिंह नेगी, सीएमएस डॉ राजीव सिंह पाल, सीईओ विनोद प्रसाद सिमल्टी,डॉ आशुतोष, डॉ शशि आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस का मकसद युवाओं के साथ खड़ा होना नहीं बल्कि अवसर का इस्तेमाल करनाः चौहान

देहरादून। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि युवाओं के आंदोलन में कांग्रेस पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। पूर्व में भर्ती घपलों को अंजाम देने के बाद अब कांग्रेसी युवाओं के हक की नौटंकी कर रही है। शुक्रवार को चौहान ने कहा कि युवाओं को भड़काकर उसे अराजक रूप देने के लिए कांग्रेस सरासर जिम्मेदार है। कांग्रेस का मकसद युवाओं के साथ खड़ा होना नहीं, बल्कि वह इसे अवसर के रूप मे इस्तेमाल करना चाहती है। एक और वह भ्रष्टाचार की जांच कर आरोपियों पर कारवाई की बात करती है तो दूसरी ओर आरोपियों के साथ ही धरने पर बैठकर सहानुभूति ढूंढती है। वहीं, समय पर परीक्षाओं के आयोजन को लेकर सवाल उठाती है तो दूसरी और परीक्षा कैलेंडर का विरोध करती है।

# जूनियर इंजीनियर्स ने की 2015 के विवादित प्रमोशन की जांच की मांग

देहरादून। उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने ऊर्जा निगम में 2015 में अधिशासी अभियंता के पदों पर हुए प्रमोशन पर सवाल उठाए। सीएम को भेजे पत्र में मैनेजमेंट की भूमिका को संदिग्ध करार दिया। कहा कि रातों रात वरिष्ठता निर्धारित प्रमोशन कर दिए गए। जबकि डिप्लोमा इंजीनियर्स के प्रमोशन के मामले में पेंच फंसाए जा रहे हैं। इन मामलों की जांच कराई जाए। केंद्रीय अध्यक्ष जेसी पंत ने कहा कि तीनों ऊर्जा निगमों में यूपी की अभियंता सेवा नियमावली लागू है। इसके बाद भी अलग अलग व्याख्या किए जाने के कारण बेवजह के विवाद खड़े हो रहे हैं। जेई सेलेक्शन ग्रेड का तीनों निगमों में कोई स्वीकृत पद नहीं है। ऐसे में कैसे इस पद पर प्रमोशन हो सकते हैं। जिस पद पर प्रमोशन नहीं हो सकते, उस पर काम करने की बाध्यता कैसे हो सकती है। स्वीकृत पदों से अधिक भर्ती किए गए एई की वरिष्ठता नियमावली कैसे निर्धारित की जाएगी। कहा कि सुप्रीम कोर्ट 19 नवम्बर 2019 में साफ कह चुका है कि किसी को भी उस समय की वरिष्ठता का लाभ नहीं दिया जा सकता, जब वो विभाग में आया ही न हो। ऐसे में क्या ये आदेश यूपीसीएल में लागू नहीं होता। कहा कि वर्ष 2018 में हुई डीपीसी में जिन एई की एसीआर न होने के कारण प्रमोशन नहीं हो पाए, उन्हें 2018 से प्रमोशन का लाभ दिया जाए। एक्सईएन के खाली पदों पर कोर्ट के निर्देशानुसार प्रतिबंधित प्रमोशन किए जाएं। एचआर में कार्मिक और विधि विशेषज्ञों की तैनाती की जाएगी। कोर्ट के फैसले के विरूद्ध की गई प्रभारी व्यवस्था को समाप्त किया जाए। विवादित मामलों की जांच कराई जाए।

## आयुष प्रदेश बनाने को एकजुट होकर किए जाएं प्रयास

देहरादून। भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड के चौथे बोर्ड के नए नामित और निर्वाचित सदस्यों ने उत्तराखंड को आयुष प्रदेश बनाने को एकजुट होकर प्रयास किए जाने पर जोर दिया। पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि आयुर्वेद और अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के विकास को प्रयास किए जाएं।

## असामाजिक तत्वों ने युवाओ के आंदोलन को अराजकता की ओर मोड़ा : बंशीधर भगत

देहरादून। पूर्व कैबिनेट मंत्री और कालाढुंगी के भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि कुछ उपद्रवी तत्व बेरोजगारों के आंदोलन को दिशाहीन करने की कोशिश में लगे हैं। शुक्रवार को भगत ने कहा कि बेरोजगार युवाओं की भावनाओं के साथ राजनीतिक रोटियां सेंकने की मंशा रखने वाले असामाजिक तत्वों ने युवाओ की भीड़ में उनके आंदोलन को अराजकता की ओर मोड़ दिया।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाला युवा कभी कानून को अपने हाथ में नही लेता, क्योंकि वह संविधान में दिए अधिकारों से अपनी बात रखना जानता है। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य का युवा निःसंदेह प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर आउट होने जैसी घटनाओं से आहत हैं।। बावजूद इसके वह पथराव व आगजनी कर अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते।

# गंगा वैली बनी यूजेवीएनएल की क्रिकेट चैंपियन



विकासनगर। यूजेवीएन लिमिटेड की ओर से ढकरानी खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार को फाइनल मुकाबला संपन्न कराया गया। दो दिनों तक चली प्रतियोगिता के तहत गंगा वैली, यमुना वैली, भागीरथी वैली और देहरादून मुख्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले के दौरान निदेशक परिचालन पुरुषोत्तम सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि यूजेवीएन लिमिटेड अपनी बेहतरीन कार्य संस्कृति के बल पर ऊर्जा उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में निगम अपने कार्मिकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत रखने के लिए खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। फाइनल मुकाबले में गंगा वैली और भागीरथी वैली की टीम आमने सामने थीं। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए गंगा वैली ने निर्धारित 20 ओवर में 156 रन बनाए। गंगा वैली की ओर से आशीष कुमार ने 44 रन और दीपक प्रसाद ने 41 रनों की पारी खेली। भागीरथी वैली की ओर से जसवीर सिंह, अनूप रावत ने दो–दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भागीरथी वैली 15.5 ओवर में 129 रन बनाकर आउट हो गई। भागीरथी वैली की ओर से मुकेश तोमर ने 29, जसवीर सिंह ने 20 रनों की पारी खेली। गंगा वैली के दीपक प्रसाद ने तीन और मोहम्मद कासिम, पीयुष तोमर, संदीप कुमार ने दो–दो विकेट हासिल किए। फाइनल में गंगा वैली के दीपक प्रसाद को उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान अधिशासी निदेशक पंकज कुलश्रेष्ठ, महाप्रबंधक यमुना वैली मोहम्मद गुलफिशां, महाप्रबंधक व्यासी संजय जोशी, महाप्रबंधक किसाऊ जीएस बुदियाल, उपमहाप्रबंधक हेमंत श्रीवास्तव, केके जायसवाल, आदर्श नौटियाल, स्वयंभू डिमरी, अधिशासी अभियंता दीपक आर्य, यूसी जोशी, राजेश नौटियाल, वरिष्ठ लेखाधिकारी मधुर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## ऊखीमठ में युकां ने किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग। देहरादून में युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की घटना के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा मुख्य बाजार ऊखीमठ में जोरदार प्रदर्शन किया गया। जबकि बस अड्डे पर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया गया। यूथ कांग्रेस के केदारनाथ विधानसभा अध्यक्ष कर्मवीर कुंवर, ब्लाक अध्यक्ष राकेश नेगी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रीता पुष्पवान, पीसीसी सदस्य आनंद सिंह रावत ने कहा कि अपने हकों के लिए लड़ रहे छात्रों और युवाओं पर लाठीचार्ज की घटना निंदनीय है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्र सिंह पुष्पवान, बसंती रावत, सैनिक प्रकोष्ठ महावीर सिंह नेगी, एससी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार, कैलाश पुष्पवान पूर्व नगर अध्यक्ष, सभासद प्रदीप धर्मवान, समाजिक कार्यकर्ता नवदीप नेगी, धर्मेंद्र सिंह पुष्पवान युवा कांग्रेस, कैलाश पंवार, टेक्सी यूनियन प्रमोद नेगी, देवेंद्र राणा, मुकेश, सोनू, बॉबी, तजाबर, नवदीप सिंह, सोनदीप, प्रमोद, राजेश, लोकेश शुक्ला, अनुसूया लाल जी एनएसयूआई से अरविंद गुसाईं, छात्र और युवा मौजूद थे।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 307-DRM-MB-22-23 DATE :- 09.02.2023 | 308-DRM-MB-22-23 DATE :- 09.02.2023 | 309-DRM-MB-22-23 DATE :- 09.02.2023 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मण्डल अभियंता/हरदोई/II के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य/बालामाऊ के खण्ड में रेल सुरक्षा बल/पोस्ट/बालामाऊ स्टेशन पर पुरूषों के लिए 20 बिस्तरों के सेनावास के निर्माण। | रेल सुरक्षा बल/पोस्ट/हरदोई स्टेशन पर महिलाओं के लिए नए 08 बिस्तरों के सेनावास एवं रेल सुरक्षा बल/पोस्ट/सीतापुर कार्यालय सीतापुर स्टेशन पर पुरूषों के लिए 10 बिस्तरों के सेनावास के निर्माण। | सहायक मण्डल अभियन्ता हरदोई– II के अधीन वर्ष 2022–23 के लिए जोन कार्य जोन न. 3 बालामाउ (सम्मिलित) से सीतापुर सिटी (छोड़कर)–उन्नाव (छोड़कर) तथा रेलवे आवासों एवं आवासीय भवनों की सामान्य वार्षिक मरम्मत का कार्य जिसमें लकड़ी तथा सड़क का कार्य सम्मिलित है। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 07.03.2023 16:00 | 07.03.2023 16:00 | 07.03.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 80,58,158.18 | 90,07,371.33 | 89,99,935.33 |
| धरोहर राशि | 1,61,200.00 | 1,80,200.00 | 1,80,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 08 माह | 12 माह |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 09.02.2023 431/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# उचित नहीं युवाओं की अनदेखी

लंबे समय से मानव विपक्ष को एक ऐसे मूवमेंट की तलाश थी जो सरकार को घेरने के लिए दमदार साबित हो। बात करें उत्तराखंड प्रदेश के विपक्ष की भूमिका को लेकर तो यहां अभी तक विपक्ष पूरी तरह से कमजोर ही साबित हुआ है। फिर चाहे वह जनता से जुड़े हुए मुद्दे हो या फिर परीक्षाओं को लेकर हालिया दिनों में आई गड़बड़ियां। पिछले कुछ समय में उत्तराखंड अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल एवं परीक्षाओं से पूर्व पर्चे लीक होने के कारण सुर्खियों में रहा है। एक पूरा नकल माफिया तंत्र इस कार्य में लिप्त पाया गया है जिसमें राजनीतिक संरक्षण से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कार्रवाई के नाम पर कुछ लोगों को जेल जरूर भेजा गया है लेकिन अभी भी यह माना जा रहा है कि एक छोटी कड़ी बेनकाब हुई है जबकि यदि केंद्रीय एजेंसी सीबीआई से जांच करा ली जाए तो उत्तराखंड के अंदर भूचाल पैदा हो जाएगा। यही कारण है कि उत्तराखंड के लाखों युवा परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी एवं रोड से हुई एंट्री को लेकर सीबीआई जांच की मांग पर उतर आए हैं। राज्य सरकार को भली-भांति ज्ञात है कि युवाओं का यह ग्रुप आने वाले दिनों में एक बड़ी मुसीबत बन सकता है लिहाजा तुरंत सूरत में मुख्यमंत्री ने नकल अध्यादेश का अनुमोदन कर मरहम लगाने का प्रयास किया लेकिन मुख्यमंत्री का यह ब्रह्मास्त्र अभी असरदार साबित होता नजर नहीं आ रहा है। युवा संगठनों से लेकर विपक्ष सीबीआई जांच की मांग पर अड़ा हुआ है और इसी मुद्दे को लेकर युवाओं पर देहरादून पुलिस में लाठीचार्ज किया तो मानव बवाल ही पैदा हो गया। देहरादून पुलिस सवालों के घेरे में है तो वही पुलिसिया कार्रवाई पर सरकार की टुट्टी भी काफी हैरान कर देने वाली है। इधर विपक्ष इस मुद्दे को लपक ने की कोशिश में अपने पूर्व मुख्यमंत्री के सहारे पुलिस मुख्यालय प्रदर्शन करने पहुंच गए। स्पष्ट है कि विपक्ष ने नकल प्रकरण को लेकर प्रभावी तरीके से आवाज नहीं उठाई जिसका खामियाजा विपक्ष के नेताओं को सड़कों पर अपमानित होकर उठाना पड़ा। यह अप्रत्याशित भी नहीं है और यदि कोई विपक्ष युवाओं व समाज के हित को प्रखरता से नहीं उठाता है तो उसका परिणाम नाराजग के तौर पर ही सामने आता है। राज्य सरकार को भी नकल प्रकरण को लेकर अधिक विलंब नहीं करना चाहिए और यदि एक सुर में पूरे प्रदेश में केंद्रीय एजेंसी से जांच कराए जाने की मांग उठ रही है तो इस पर भी गंभीरता से विचार करते हुए जन सम्मान की भावनाओं को चरितार्थ करने की हिम्मत दिखानी चाहिए। युवा शक्ति की नाराजगी को अनदेखा नहीं किया जा सकता खासतौर से उन परिस्थितियों में जब खुद सरकारी व्यवस्थाओं में युवाओं के भविष्य को लेकर भारी व्यवस्थाएं चली आ रही हो।

# निवारण, उपचार तथा पुनर्वास : ड्रग के विरुद्ध -स्तरीय उपागम

**डा. वीरेंद्र कुमार**

भारत में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की प्रमात्रा रिपोर्ट सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) तथा राष्ट्रीय ड्रग निर्भरता उपचार केन्द्र (एनडीडीटीसी) द्वारा वर्ष में जारी की गई थीजिसमें भारत में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की बढ़ती अभिवृत्ति को दर्शाया गया था। अनेक ड्रग परिपाटी के भाग रहे हैं तथा ये आज भी देश के कुछ हिस्सों में बने हुए हैं। तथापि, ड्रग का दुरुपयोग परम्परागत उपयोग से परे पहुंच गया है तथा यह युवाओं के मध्य नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के एक मुद्दे के रूप में प्रकट हो रहा है। चिकित्सा शोध के अनुसार, यह स्वीत किया गया है कि ड्रग की लत अथवा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग का विकार एक क्रोनिक व रिलेप्सिंग स्वास्थ्य संबंधी अवस्था है जो जेनेटिक, जैविक, परिवेश तथा जीवन शैली से संबंधित कारकों की वजह से होती है तथा इसका उपचार, परामर्श, जीवन शैली में बदलाव तथा दवाइयों से चिकित्सा उपचार करके किया जा सकता है। इसलिए किसी भी समाज में ड्रग संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए एक सूचना संपन्न व बहु-आयामी कार्यनीति अपनाने की जरूरत होती है जो समय के अनुसार ड्रग आपूर्ति का समाधान करती है और ड्रग की मांग में कटौती होती है। सरकार के नका-ेर्ड तंत्र ने बड़े पैमाने पर ड्रग के दुरुपयोग संबंधी समस्या का समाधान करने मदद की है। इसके दिशा तथा अभिसरण के परिणामस्वरूप सभी एजेंसियों एवं हितभागियों द्वारा एकीत कार्रवाई की गई है जो एकल प्लेटफार्म पर नशीले पदार्थों की दुरुपयोग की समस्या का समाधान कर रहे हैं।

ड्रग के दुरूपयोग तथा अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने ट्विट किया कि च्ज्मैं,हमारे समाज से ड्रग के संकट का उन्मूलन करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यरत सभी की प्रशंसा करता हूं। जीवन को बचाने का प्रत्येक ऐसा प्रयास महत्वपूर्ण है। आखिरकार, ड्रग्स अपने साथ अंधकार, विनाश तथा विध्वंस ही लेकर आती है।च्ज

सरकार के नकोर्ड तंत्र ने ड्रग के दुरूपयोग की समस्या का समाधान करने के लिए बड़े स्तर पर सहायता की है। इसके निर्देशन एवं अभिसरण के फलस्वरूप नशीले पदार्थों के दुरूपयोग के विरूद्ध संघर्ष कर रहे सभी एजेंसियों तथा हितभागियों द्वारा एकल प्लेटफार्म पर एकीत कार्य करना संभव हुआ है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नशामुक्त भारत अभियान, एक समुदाय आधारित जन-आंदोलन अभियान, की शुरूआत अगस्त, को देश के सर्वाधिक असुरक्षित जिलों में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध की गई थी। जन-आंदोलन के दूसरे कदम के रूप में वर्ष में अन्य सर्वाधिक असुरक्षित जिलों को इस सूची में जोड़ा गया था।

नशामुक्त भारत अभियान के जन्म के समय से परामर्श द संबंधी कार्यकलापों के माध्यम से बेहतरीन समुदाय संपर्क हेतु सक्रिय रूप से संकल्पना बनाने एवं कार्य करने वाले हितभागियों की सहायता से ड्रग की मांग में कटौती में बड़े परिवर्तन किए गए हैं। आज की तारीख तक .करोड़ से अधिक लोगों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के बारे में जागृत किया गया है जिनमें करोड़ से अधिक युवा तथा करोड़ से अधिक महिलाएं शामिल हैं। इस मिशन में .लाख से अधिक शैक्षिक संस्थाओं ने भाग लिया है।

नशामुक्त भारत अभियान महिलाओं, बच्चों, शैक्षिक संस्थाओं तथा सिविल सोसायटी संगठनों की सहायता कर उन्हें इस कार्रवाई में आगे लाता है। इस अभियान में से अधिक मास्टर स्वयंसेवकों का मजबूत बल है

> **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अभियान, नशामुक्त भारत अभियान के बैनर के तले राष्ट्र को नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीडिघ्तों के लिए उपचार सुविधाएं समर्पित की । ये नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीडिघ्तों के लिए उपचार सुविधाएं देशभर में सरकारी अस्पतालों में स्थित है इन्हें देश के अधिकतर शहरों तथा जिलों को कवर करने के लिए बढ़ाया जाएगा। सिमडेगा, झारखंड अथवा आजमगढ़, उत्तर प्रदेश में जिला अस्पतालों से लेकर सिद्धार्थ मेडिकल कलेज, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश अथवा शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान, बैनमिना, कश्मीर जैसी बढ़ी अकादमिक संस्थाएं इसमें शामिल हैं।**




जो नशीले पदार्थों के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों, सबसे दुरस्त क्षेत्रों में नशीले पदार्थों के साथ संघर्षरतलोगों के पुनर्वास तथा निवारण की प्रक्रिया का संदेश देने के लिए प्रशिक्षित तथा जानकार हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में जनसामान्य से जुडने तथा सांसतिक रूप से गहरा प्रभाव डालने और नशीले पदार्थों की मांग को अंतरू प्रभावित करने के लिए कदम उठाने हेतु कई कार्यक्रम जैसे मैराथन, लोक संगीत, स्थानीय खेल-कूद कार्यक्रम, नाव अथवा साईकिल रैलियां तथा कई अन्य कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं। यह आश्रित लोगों तक पहुंचने तथा उनकी पहचान के लिए उच्च शैक्षिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, परिसरों तथा स्कूलों के साथ भागीदारी करने को प्रतिबद्ध हैय सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के साथ अस्पतालों तथा पुनर्वास केन्द्रों में परामर्श और उपचार सुविधाओं पर बल देते हुए यह अभियान ड्रग्स के उपयोग के बढ़ते ट्रेंड के लिए आरंभ से अंत तक एक संकल्प है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अम्ब्रेला स्कीम नशीली दवा की मांग में कमी की राष्ट्रीय कार्य योजना निवारक शिक्षा, जागरूकता, पुनर्वास उपचार, समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को वापस लाने तथा गरिमा जीवन जीने के लिए पर्याप्त सहायता प्रदान करने हेतु राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, एनजीओध्अन्य स्वैच्छिक संगठनों, जिला और सरकारी अस्पतालों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ड्रग्स के साथ संघर्षरत लोगों को निरूशुल्क सुविधाएं प्रदान करते हुए देश में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीडिघ्तों हेतु एकीत पुनर्वास केन्द्र (आईआरसीए), समुदाय आधारित संगतिपरक इंटरवेंशन (सीपीएलआई), आउटरिच और ड्रपइन केन्द्र (ओडीआईसी) तथा जिला नशामुक्ति केन्द्र (डीडीएसी) हैं। लाभवंचितों, उनके परिवारों तथा सामाजिक दायरे को चुनौतयों की जानकारी देने में सहायता करनातथा उनके लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना।

प्रगति के इस दौर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय राष्ट्रीय ड्रग्स निर्भता (एनडीडीटीसी) एम्स, नई दिल्ली के सहयोग से नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीडिघ्तों के लिए उपचार सुविधाएं (एटीएफ) प्रदान करने को तैयार हैं।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अभियान, नशामुक्त भारत अभियान के बैनर के तले राष्ट्र को नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीडिघ्तों के लिए उपचार सुविधाएं समर्पित की । ये नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीडिघ्तों के लिए उपचार सुविधाएं देशभर में सरकारी अस्पतालों में स्थित है इन्हें देश के अधिकतर शहरों तथा जिलों को कवर करने के लिए बढ़ाया जाएगा। सिमडेगा, झारखंड अथवा आजमगढ़, उत्तर प्रदेश में जिला अस्पतालों से लेकर सिद्धार्थ मेडिकल कलेज, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश अथवा शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान, बैनमिना, कश्मीर जैसी बढ़ी अकादमिक संस्थाएं इसमें शामिल हैं।

ये नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीडिघ्तों हेतु उपचार सुविधाएं (एटीएफ) जिलों के सरकारी अस्पतालों में स्थापित की जाएंगी तथा सामान्य स्वास्थ्य देखभाल ढांचे के रूप में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के रोगियों का उपचार करेगी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग इस स्कीम को पूरी तरह से वित्तपोषित करता है तथा प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों, निरूशुल्क दवाओं एवं टिकाऊ अवसंरचना सहायता सेव-ाओं के प्रावधान में भाग लेने वाले सरकारी अस्तपालों की सहायता करता है।

जैसा कि गृह मंत्री ने संसद में कहा, च्ज्हमारी सरकारी नीति बहुत स्पष्ट है, जो ड्रग का सेवन कर रहे हैं वे पीडिघ्त हैं। हमें उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए तथा पीडिघ्तों को उनके पुनर्वास हेतु अनुकूल माहौल देना चाहिए। नशीले पदार्थों के दुरूपयोग का मुद्दा अत्यधिक महत्वपूर्ण सामाजिक समस्या है जो आयु समूहों, लैंगिक भिन्नता, समुदायों एवं क्षेत्रों में समाज के वर्गों में कटौती करता है तथा परिवारों एवं व्यक्तियों की व्यक्तिगत वृद्धि को प्रभावित करता है। पुनर्वास के अवसर प्रदान करते हुए इससे पीडिघ्तों से जुड़े कलंक को समाप्त करने तथा युवाओं में च्ड्रग्स को पहली बार न टूनाज् के विचार को प्रभावी रूप से अंतगृहीत करते हुए नशीले पदार्थों के मामले के समाधान के लिए बहुआयामी कार्यनीति आवश्यक है। अभियान सफलतापूर्वक इन विचारों को आकर्षित करता है तथा च्नशा मुक्त भारतज् के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे आने हेतु जनता का समर्थन चाहता है।

**लेखक सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री हैं**

# इनसोम्निया के प्रभाव को कम करने में प्रभावी हो सकते हैं ये योगासन



इनसोम्निया यानी अनिद्रा नींद से जुड़ा विकार है। इससे ग्रस्त व्यक्ति को सोने में कठिनाई होती है। इस कारण शरीर को आवश्यकतानुसार आराम नहीं मिल पाता और इससे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। तनाव, मर्डन गैजेट्स का अधिक इस्तेमाल, बीमारियों का दुष्प्रभाव या गलत खान-पान आदि इस विकार को जन्म दे सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे योगासनों के बारे में बताते हैं, जिनका नियमित अभ्यास इस विकार से टुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है।

**हलासन**

हलासन करने के लिए योगा मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं, फिर अपने हाथों को शरीर से सटाकर रखें। अब सांस लेते हुए पैरों को डिग्री तक ऊपर उठाएं और फिर सांस छोड़ते हुए टांगों को धीरे-धीरे सिर के ऊपर से पीटे की ओर ले जाएं। इस दौरान हाथों को कमर से हटाकर जमीन पर सीधा ही रखें। इसके बाद सांस लेते हुए धीरे-धीरे वापस शुरुआती अवस्था में आ जाएं।

**बालासन**

बालासन के लिए योगा मैट या दी पर वज्रासन की मुद्रा में बैठें और गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाएं, फिर सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे आगे की ओर झुककर सिर को जमीन से सटाएं। इस अवस्था में दोनों हाथ सामने, सिर जमीन से लगा हुआ और छाती जांघों पर रहेगी। कुछ सेकंड इसी मुद्रा में रहकर सामान्य रूप से सांस लेते रहें। इसके बाद धीरे-धीरे आसान छोड़ते हुए सामान्य स्थिति में आ जाएं।

**विपरीतकरणी आसन**

सबसे पहले योगा मैट या दरी पर सीधे पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की तरफ उठाकर डिग्री का कोण बना लें। ध्यान रखें कि आपके तलवे ऊपर की ओर होने चाहिए। इसके बाद अपने नितंब को ऊपर उठाने की कोशिश करें। इस मुद्रा में कम से कम दो-तीन मिनट तक रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। इसके बाद दोबारा इस योगासन का अभ्यास करें।

**सुप्त बद्धकोणासन**

सुप्त बद्धकोणासन के लिए योगा मैट या दरी पर पीठ के बल लेट जाएं और फिर अपने दोनों हाथों और पैरों को अपनी क्षमतानुसार फैला लें। अब पैरों को घुटनों से मोडकर अपने दोनों तलवों को आपस में मिला लें। इस दौरान अपनी दोनों आंखों को बंद करके सामान्य गति से सांस लेते रहें। कुछ सेकंड के बाद आसन को धीरे-धीरे छोड़ दें। आप चाहें तो अपनी पीठ के नीचे सपोर्ट के लिए कोई मुलायम तकिया भी रख सकते हैं।

**शवासन**

योगा मैट पर आराम मुद्रा में लेट जाएं और आंखें बंद कर लें। अब दोनों हथेलियों को शरीर से लगभग एक फीट की दूरी पर रखें। इसके अलावा पैरों को भी एक-दूसरे से लगभग दो फीट की दूरी पर रखें। इसके बाद धीरे-धीरे सांसें लें और पूरा ध्यान सांस पर लगाने की कोशिश करें। कुछ देर इसी मुद्रा में बने रहने के बाद आखों को धीरे-धीरे खोलें। अंत में दाईं ओर करवट लेकर उठें और आसन को छोड़ दें।

# रिश्तों का गुब्बारा फूटा



राष्ट्रपति बाइडेन ने कोशिश की कि किसी तरह दोनों देशों के बीच संवाद बना रहे, ताकि किसी गलत आकलन की वजह से कोई हादसे जैसी हालत ना बन जाए। लेकिन एक गुब्बारे उनकी मंशा पर पानी फेर दिया है।

जब रिश्तों को बनावटी ढंग से गुब्बारे की तरह उड़ाने की कोशिश की जाए, उनके कभी भी पंक्चर हो जाने की स्थिति बनी रहती है। ऐसा ही अमेरिका और चीन के संदर्भ में हुआ है। अमेरिका में चीन विरोधी भावना इतनी गहरी और व्यापक हो चुकी है, वहां किसी राजनेता या सरकार के लिए उससे संवाद करने की पहल करना भी जोखिम भरा हो चुका है। इसके बावजूद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कोशिश की कि किसी तरह दोनों देशों के बीच संवाद बना रहे, ताकि किसी गलत आकलन की वजह से कोई हादसे जैसी हालत ना बन जाए।

जी- के पिछले शिखर सम्मेलन के समय दोनों देशों के राष्ट्रपति इंडोनेशिया के बाली में मिले। उसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन के बीजिंग जाने का कार्यक्रम बना। लेकिन एक गुब्बारे की अमेरिकी हवाई क्षेत्र में मौजूद्गी को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव इतना बढ़ा, कि ब्लिंकेन ने बीजिंग की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द कर दी। उधर ब्लिंकन का दौरा स्थगित होने को चीन ने सार्वजनिक तौर पर कोई तवज्जो नहीं दी। चीनी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि दरअसल अमेरिका और चीन ने कभी इस यात्रा के बारे में एलान ही नहीं किया था। अमेरिका ऐसी कोई घोषणा करे, तो यह उनका फैसला है।

वैसे यह पहली बार नहीं है, जब चीन का गुब्बारा अमेरिका में दाखिल हुआ हो। ट्रंप प्रशासन के दौरान कम-से-कम तीन बार ऐसे बलून देखे गए थे। बाइडेन के कार्यकाल में भी पहले एक बार ऐसा बलून देखा जा चुका है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि पहले कोई बलून इतने लंबे समय तक अमेरिकी क्षेत्र में मौजूद नहीं रहा। असल कहानी यह है कि बाइडेन प्रशासन इस बार भी गुब्बारे को ज्यादा तव्वजो देने के मूड में नहीं था। लेकिन रिपब्लिकन पार्टी ने उस पर तीखे हमलों की बौछार कर दी। बाइडेन को चीन के आगे एक कमजोर राष्ट्रपति बताया गया। तो प्रतिक्रिया में बाइडेन प्रशासन ने मिसाइल से गुब्बारे को मार गिराने का आदेश दिया। इस तरह उन्होंने अपनी मजबूती का संदेश दिया। लेकिन इस घटनाक्रमर से साफ हो गया कि दोनों देशों में संवाद से संबंध सुधरने की अभी कोई संभावना नहीं है।

# डोपिंग का डंक : सवालों के घेरे में सिस्टम

**भारत में तो कई मामले ऐसे भी आए जब जूनियार और सीनियर खिलाड़ी खांसी या मामूली बुखार में दवा का सेवन करते हैं और उनके नमूने डोपिंग में पजिटिव पाए जाते हैं।**
**दूसरी तरफ, जिस महासंघ या कोच पर खिलाडियों को जागरूक करने की जिम्मेदारी होती है, वे इससे पल्ला झाड़ लेते हैं। बीते कुछ दिनों में अंतराष्ट्रीय खिलाडियों के साथ-साथ जूनियर खिलाडियों में भी डोपिंग के मामले देखे जा रहे हैं। इस मामले में आए कई विश्लेषण रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इसके पीटे खिलाडियों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव है।**

**संदीप भूषण**

नब्बे के दशक में सुपर स्टार बेन जनसन का जलवा हुआ करता था। सियोल ओलंपिक में मीटर दौड़ . सेकेंड में पूरी कर उन्होंने सबको चौंका दिया था।

हालांकि, उनके साथी धावक कार्ल लुईस को उनके इस प्रदर्शन पर शक था। उन्होंने तब सार्वजनिक तौर पर कहा भी था कि जनसन की इस तेजी में कुछ गड़बड़ी है। बाद में खेलों के महाकुंभ में डोपिंग का बम फूटा और लुईस की आशंका सच साबित हुई। जनसन के नमूने पजिटिव पाए गए और उनसे पदक छीन लिया गया। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय जगत को सकते में ला दिया। खेलों में नशीले पदार्थ का सेवन रोकने की जिम्मेदारी उठाने वाली विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने सख्ती बरतनी शुरू की। बावजूद इसके अब तक रूस और अमेरिका सहित कई देश के खिलाडियों को डोपिंग का दोषी पाया जा चुका है।

भारत भी इस कलंक से अटूता नहीं है। में दिल्ली में आयोजित मैक्सिको ओलंपिक ट्रायल के दौरान पाल सिंह से लेकर पहलवान नरसिंह तक इसके जाल में फंस चुके हैं। ताजा मामला जिमनास्ट दीपा कर्माकर का है। अरबों रु पये खर्च करने के बाद भी खिलाडियों का डोपिंग में फंसना हमारे समूचे खेल सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है। साथ ही खेल में महाशक्ति बनने के हमारे सपने में भी बाधा बन रहा है।

दरअसल, प्रतियोगिता से इतर लिये गए दीपा के नमूने पजिटिव पाए गए हैं। रियो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन से चौथे स्थान पर रही दीपा पर महीने का प्रतिबंध लगा। उन्होंने सजा स्वीकार कर ली, लेकिन कहा कि उन्होंने अनजाने में इसका सेवन किया था। गौरतलब है कि भारतीय खेल जगत में अब तक जितने भी खिलाड़ी डोपिंग में फंसे हैं, उनमें से ज्यादातर ने स्वीकार किया कि कम जानकारी या अनजाने में ही उन्होंने प्रतिबंधित दवाओं का सेवन किया।

सवाल उठता है कि आखिर महासंघ, कोच, डक्टर और डाइटिशियन खिलाडियों को डोपिंग संबंधी जानकारी मुहैया कराने में असफल क्यों हो रहे हैं कब तक खिलाडियों की मेहनत पर अनजाने में की गई एक छोटी सी गलती भारी पड़ती रहेगी अगर खिलाड़ी दोषी है तो उसके कोच और डाइटिशियन को भी इसका दोषी क्यों नहीं माना जाना चाहिए विशेषज्ञों की मानें तो डोपिंग में किसी खिलाड़ी के फंसने के मुख्य कारण महासंघ, कोच और डाइटिशियन की लापरवाही के साथ खिलाडियों में जागरूकता की कमी है। यह तथ्य महवपूर्ण है कि भारतीय एथलेटिक्स में ज्यादातर खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि के आते हैं। जाहिर है कि खेल को डोपिंग मुक्त बनाने के लिए केंद्र के साथ राज्य सरकारों को भी मिलकर काम करने की जरूरत है।

हरियाणा, पंजाब, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्य इसमें अग्रणी की भूमिका निभा सकते हैं, जहां से सबसे ज्यादा एथलीट आते हैं। निस्संदेह इन सबके साथ राज्यों को खेल ढांचा मजबूत करने के साथ डोपिंग के मुद्दे पर भी जागरूकता अभियान भी चलाना होगा। यह पहल कई जगह शुरू भी हुई है। आगे इसको और संगठित और प्रभावी तरीके से चलाने की जरूरत है। गौरतलब है कि अब तक की स्थिति में भारतीय खेल को खासा नुकसान उठाना पड़ा है कि शुरुआती दौर में खिलाडियों को अपने निजी कोच से उन्हें सिर्फ खेल निखारने की ही जानकारी मिल पाती है। उन्हें नहीं पता होता कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की प्रतिबंधित लिस्ट में किन-किन दवाइयों को शामिल किया गया है।

भारत में तो कई मामले ऐसे भी आए जब जूनियार और सीनियर खिलाड़ी खांसी या मामूली बुखार में दवा का सेवन करते हैं और उनके नमूने डोपिंग में पजिटिव पाए जाते हैं।

दूसरी तरफ, जिस महासंघ या कोच पर खिलाडियों को जागरूक करने की जिम्मेदारी होती है, वे इससे पल्ला झाड़ लेते हैं। बीते कुछ दिनों में अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों के साथ-साथ जूनियर खिलाडियों में भी डोपिंग के मामले देखे जा रहे हैं। इस मामले में आए कई विश्लेषण रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इसके पीटे खिलाडियों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव है। खिलाडियों को पता होता है कि चाहे सरकारी नौकरी हो, सर्वश्रेष्ठ स्कूलों और कलेजों में प्रवेश पाना हो या विज्ञापन व अन्य आर्थिक लाभ के लिए अलग-अलग लीग और कंपनियों से अनुबंध पाने की, एक बेहतर प्रदर्शन उनकी सफलता का मार्ग सुनिश्चित करेगा। बेहतर प्रदर्शन के लिए माता-पिता, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और साथी प्रतिस्पर्धियों का दबाव होता है।

भारत सरकार खेल बजट को हर साल बढ़ा रही है। खिलाडियों को देश में विदेशी कोच मुहैया कराना हो या विदेश कोचिंग के लिए भेजना, उन्हें हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। हालांकि, आज भी डोपिंग रोधी नियमों को लेकर जागरूता फैलाने के मामले में सीनियर और जूनियर एथलीटों के बीच अंतर नजर आता है। साथ ही जूनियर स्तर के खिलाडियों के बीच नमूनों की जांच की संख्या भी बेहद कम है। इसका बड़ा कारण डोपिंग टेस्ट पर आने वाला खर्च है। महासंघ और नाडा उन खिलाडियों के नमूने लेने से बचती है, जो तुरंत किसी प्रतियोगिता में नहीं भाग ले रहे हैं। इसका भी खिलाडियों पर असर पड़ता है।

बहरहाल, भारतीय खेल प्रधिकरण का दावा है कि वह एक ऐसा ऐप विकसित कर रहा है, जिससे कोई भी खिलाड़ी आसानी से प्रतिबंधित दवाओं की जानकारी ले सकेगा।

# कोरोना की पाबंदियां सिर्फ संसद में!

कोरोना वायरस की महामारी लगभग समाप्त हो गई है। देश में कहीं भी इसे लेकर कोई पाबंदी नहीं है। ट्रेन से लेकर हवाईजहाज तक सब पूरी क्षमता से चल रहे हैं। स्कूल, कलेज से लेकर सरकारी दफ्तर तक सब जगह पाबंदी हटा दी गई है। लेकिन देश की संसद एकमात्र ऐसी जगह है, जहां कोरोना के समय की पाबंदियां अभी तक लागू हैं। कई सांसदों ने इसकी शिकायत की है लेकिन उनकी शिकायत के आधार पर कम से कम इस सत्र में कोई सुधार होने की संभावना नहीं दिख रही है। सांसदों ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि लोगों की संख्या नियंत्रित करने के नाम पर उनके निजी स्टाफ को संसद में आने से रोका जा रहा है। सांसदों का कहना है कि संसद की दर्शक दीर्घा पूरी तरह से खोल दी गई है। हर दिन की कार्यवाही में दर्शक दीर्घा पूरी तरह से भरी रह रही है। लेकिन सांसदों के सहायकों को रोका जा रहा है। इसी तरह की शिकायत पत्रकारों की भी है। कोरोना के समय पत्रकारों की संख्या सीमित की गई थी। वह व्यवस्था आज तक चल रही है। अब भी लटरी के जरिए पत्रकारों के नाम निकाले जाते हैं और चुनिंदा पत्रकारों को ही संसद में जाने की अनुमति होती है। उम्मीद की जा रही है कि नए संसद भवन का उद्घाटन होने और वहां कार्यवाही शुरू होने के बाद शायद ये पाबंदियां हटें।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने दिल्ली घोषणापत्र के महत्व को सराहा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पिछले साल भारत में संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति की एक विशेष बैठक में अपनाये गए दिल्ली घोषणापत्र के महत्व की सराहना की है। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने कहा कि यह नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकियों का आतंकवादी उद्देश्य के लिए प्रयोग किए जाने से निपटने के वास्ते ठोस आधार प्रदान करता है। सदस्यों ने साथ ही यह भी कहा कि यह चुनौती का समाधान करने के लिए परिषद के साझा दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। फरवरी महीने के लिए अध्यक्ष माल्टा के नेतृत्व में 15 देशों की परिषद ने बृहस्पतिवार को श्आतंकवादी त्यों के कारण अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरे पर एक बैठक आयोजित की। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए आईएसआईएल (दाएश) से अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को उत्पन्न खतरे तथा खतरे का मुकाबला करने में सदस्य देशों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों पर महासचिव की 16 वीं रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोन्कोव द्वारा प्रस्तुत की गई। पिछले साल 28-29 अक्तूबर को भारत की अध्यक्षता में सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति (सीटीसी) ने नयी दिल्ली और मुंबई में श्आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नयी और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला विषय पर एक विशेष बैठक आयोजित की। विशेष बैठक के परिणामस्वरूप, समिति ने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नयी और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के लिए अग्रणी दस्तावेज दिल्ली घोषणा को अपनाया।

## ट्रंप का फेसबुक अकाउंट दो वर्षों के निलंबन के बाद बहाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट को दो वर्षों के निलंबन के बाद बहाल कर दिया गया है। इसे 06 जनवरी, 2021 को अमेरिका के कैपिटल हिल में हुई हिंसा के बाद निलंबित कर दिया गया था। यह जानकारी सीएनएन ने शुक्रवार को दी। रिपोर्ट में कहा कि ट्रंप अब अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर सकते है, हालांकि उन्होंने अब तक कुछ भी पोस्ट नहीं किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों प्लेटफार्मों की मालिकाना कंपनी मेटा ने कहा कि उसने पाया कि ट्रम्प की अनलाइन गतिविधियों से सार्वजनिक सुरक्षा का जोखिम बहुत कम हो गया है, इसलिए उसने उनके अकाउंट से प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया। कंपनी ने हालांकि एक बयान में कहा है कि अगर ट्रम्प अपना अपराध दोहराते हैं तो उन्हें कड़े दंड का सामना करना पड़ेगा और उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर ट्रंप को एक महीने से दो वर्ष के लिए फेसबुक से निलंबित किया जा सकता है।

## रूस 2030 तक प्रतिवर्ष 360 उपग्रहों तक बढ़ाने में सक्षम होगाः बोरिसोव

**मास्को, एजेंसी।** रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोसकोसमोस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) यूरी बोरिसोव ने कहा कि देश 2030 तक अपने कक्षीय समूह को 360 उपग्रहों तक बढ़ाने में सक्षम होगा, लेकिन इसके लिए हमें उत्पादन में बढाना होगा। बोरिसोव ने कहा कि यदि हम इसमें कुछ बदलाव नहीं करते हैं तो हमारे पास 2030 तक लगभग 360 उपग्रहों का एक समूह होगा, जो कि आज के 190 की तुलना में बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा लेकिन हम अंतरिक्ष सेवाओं के वैश्विक बाजार में आज के 35 प्रतिशत की तुलना में घटकर 05 प्रतिशत पर पहुंच जाएंगे।

### प्रधानमंत्री ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में मुंबई-सोलापुर वंदे भारत और मुंबई-साईनगर शिरडी वंदे भारत को झंडी दिखाकर रवाना किया

# वंदे भारत ट्रेनें भारत की गति और पैमाने का प्रतिबिंब हैः पीएम

**मुंबई, एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में दो वंदे भारत ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये दो ट्रेनें हैं- मुंबई-सोलापुर वंदे भारत और मुंबई-साईंनगर शिरडी वंदे भारत। उन्होंने मुंबई में सड़क यातायात की भीड़ को कम करने और वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए दो सड़क परियोजनाओं- सांताक्रूज चेंबूर लिंक रोड और कुरार अंडरपास परियोजना- को भी राष्ट्र को समर्पित किया।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के प्लेटफार्म नं. 18 पर आने के बाद, प्रधानमंत्री ने मुंबई-साईंनगर शिरडी वंदे भारत का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रेन के चालक दल और कोच के अंदर बैठे बच्चों से बातचीत भी की।

सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत में रेलवे, विशेष रूप से महाराष्ट्र में उन्नत रेल-संपर्क के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि पहली बार दो वंदे भारत ट्रेनों को एक ही दिन हरी झंडी दिखाई गई है। उन्होंने रेखांकित किया कि ये वंदे भारत ट्रेनें मुंबई और पुणे जैसे आर्थिक केंद्रों को आस्था के केंद्रों से जोड़ेंगी, जिससे कलेज, कार्यालय, व्यवसाय, तीर्थ यात्रा और कृषि उद्देश्यों के लिए यात्रा करने वालों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि नई वंदे भारत ट्रेनों से शिरडी, नासिक, त्र्यंबकेश्वर और पंचवटी जैसे पवित्र स्थानों की यात्रा आसान हो जाएगी, जिससे पर्यटन के साथ-साथ तीर्थाटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस से पंढरपुर, सोलापुर, अक्कलकोट और तुलजापुर की तीर्थ यात्रा और भी अधिक आसान हो जायेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन आधुनिक भारत की भव्य तस्वीर है। ष्ये भारत की गति और पैमाने का प्रतिबिंब है ष् वंदे भारत ट्रेनों को लन्च करने की गति के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक देश के 17 राज्यों के 108 जिलों को जोड़ने वाली 10 वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज शुरू की जा रही विभिन्न परियोजनाएं, जीवन को और आसान बनाएंगी। उन्होंने कहा कि ऊपरी सड़कें (एलिवेटेड रोड) पूर्वी और पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्रों तथा अंडरपास को जोड़ेंगी, जो महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के भारत के लिए सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने की जरूरत को दोहराया क्योंकि इससे नागरिकों का जीवन-यापन व्यापक रूप से आसान होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक ट्रेनों की शुरुआत, मेट्रो के विस्तार और नए हवाई अड्डों एवं बंदरगाहों के निर्माण के पीटे यही सोच है। बजट भी इस सोच को मजबूत करता है क्योंकि पहली बार बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष रूप से 10 लाख करोड़ आवंटित किए गए हैं। इसमें रेलवे की हिस्सेदारी 25 लाख करोड़ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेल बजट में महाराष्ट्र के लिए आवंटन में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और उम्मीद जताई कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से महाराष्ट्र में कनेक्टिविटी में और तेजी से विस्तार होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस साल के बजट से मध्यम वर्ग मजबूत हुआ है। उन्होंने इस तथ्य को रेखांकित किया कि इस वर्ष के बजट में वेतनभोगी और व्यवसाय करने वाले, दोनों वर्गों की जरूरतों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले दो लाख रुपये से अधिक आय वाले लोगों पर कर लगाया जाता था, लेकिन यह वर्तमान सरकार ही है जिसने शुरुआत में इस सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये और अब इस साल के बजट में सात लाख रुपये कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, जिन लोगों को यूपीए सरकार के दौर में 20 प्रतिशत कर देना पड़ता था, उन्हें आज कोई कर नहीं देना पड़ता है। उन्होंने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि नई



नौकरियों वाले लोगों के पास अब और अधिक बचत करने का अवसर है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन का समापन करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि 'सबका विकास सबका प्रयास' की भावना को बढ़ावा देने वाला यह बजट हर परिवार को ताकत देगा और सभी को एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस, केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री नारायण राणे, केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री रामदास अठावले एवं कपिल मोरेश्वर पाटील और महाराष्ट्र सरकार के मंत्रीगण सहित कई गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुंबई-सोलापुर वंदे भारत ट्रेन और मुंबई-साईंनगर शिरडी वंदे भारत ट्रेन दो ऐसी ट्रेनें हैं जिन्हें प्रधानमंत्री ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह नए भारत के लिए बेहतर, अधिक कुशल और यात्रियों की जरूरतों के अनुकूल परिवहन से संबंधित बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मुंबई-सोलापुर वंदे भारत ट्रेन देश की नौवीं वंदे भारत ट्रेन होगी। यह नई विश्वस्तरीय ट्रेन मुंबई और सोलापुर के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर करेगी और सोलापुर में सिद्धेश्वर, सोलापुर के निकट अक्कलकोट, तुलजापुर, पंढरपुर और पुणे के निकट आलंदी जैसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों की यात्रा को भी सुविधाजनक बनाएगी।

मुंबई-साईनगर शिरडी वंदे भारत, जोकि देश की दसवीं वंदे भारत ट्रेन है, महाराष्ट्र के नासिक, त्र्यंबकेश्वर, साईंनगर शिरडी और शनि सिंगनापुर जैसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों के साथ कनेक्टिविटी

**वंदे भारत ट्रेन आधुनिक भारत की भव्य तस्वीर है**

को बेहतर करेगी।

मुंबई में सड़क यातायात की भीड़ को कम करने और वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए, प्रधानमंत्री ने सांताक्रूज चेंबूर लिंक रोड (एससीएलआर) और कुरार अंडरपास को राष्ट्र को समर्पित किया। कुर्ला से वकोला तक और कुर्ला में एमटीएनएल जंक्शन, बीकेसी से एलबीएस फ्लाईओवर तक जाने वाला यह नवनिर्मित एलिवेटेड करिडोर शहर में पूर्व-पश्चिम कनेक्टिविटी को उन्नत करेगा। यह सड़क वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे को ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से जोड़ेगी जिससे पूर्वी और पश्चिमी उपनगर कारगर तरीके से आपस में जुड़ेंगे। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे (डब्ल्यूईएच) पर यातायात को आसान बनाने की दृष्टि से कुरार अंडरपास बेहद महत्वपूर्ण है, जोकि डब्ल्यूईएच के मलाड और कुरार की ओर वाले हिस्से को जोड़ता है। यह लोगों को आसानी से सड़क पार करने और साथ ही वाहनों को डब्ल्यूईएच पर भारी ट्रैफिक में फंसे बिना चलने की सुविधा देता है।

## अब 500 रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर, बजट भाषण में सीएम ने की घोषणा

**जयपुर एजेंसी,** । राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट भाषण में 12 गैस सिलेंडर 500 रुपए में उपलब्ध कराने की घोषणा की है। विधानसभा में हंगामे के बाद सीएम अशोक गहलोत का बजट भाषण शुरू हुआ। बजट के शुरु होते ही सीएम गहलोत ने अन्नपूर्णा फूड राशन किट देने का ऐलान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उज्जवला योजना के जरिए जिन लोगों को गैस सिलेंडर मिले थे। वो अब महंगाई में गैस नहीं भरवा पा रहे हैं। अब हम 76 लाख परिवारों को एलपीजी गैस सिलेंडर 500 रुपए में देंगे। इस पर 1 हजार करोड़ का खर्च होगा। बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सीएम गहलोत ने एलपीजी सिलेंडर में टूट देने का वादा किया था। अप्रैल 2023 से उज्जवला योजना के लाभार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। गांव की तुलना में शहर में इसका सबसे ज्यादा फायदा देखने को मिलेगा। शहर में सबसे ज्यादा इस योजना के लाभार्थी हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग ने इसे लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है।राजस्थान की राजधानी जयपुर की अगर बात करें तो उज्वला योजना के तहत शहर में 2,65,354 लोगों को तो ग्रामीण में 2,35,635 लोगों के पास कनेक्शन है।

## बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व क्षेत्र से बाघ व तेंदुआ का शव बरामद

**बेतिया एजेंसी,** । बिहार के पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में एक ही दिन एक रयल बंगाल टाइगर और एक तेंदुआ का शव मिला। एक दिन दो शव मिलने से विभाग के अधिकारी सकते में हैं। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को शाम रामपुरवा गांव के समीप जगहों से बाघ और तेंदुआ का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद वन विभाग के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच में जुट गए हैं। अधिकारी दोनों के मौत के अलग-अलग कारण की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि वन प्रमंडल दो अंतर्गत वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के रमपुरवा गांव के समीप एक खेत में एक वयस्क रयल बंगाल टाइगर का शव मिला है। बाघ के शव के उपर मिट्टी भी डाली गई थी। इससे संभावना जताई जा रही है कि शव को दफनाने की कोशिश की गई थी।रमपुरवा गांव के समीप ही धनहिया रेता के सरेह मे एक तेंदुआ का भी शव मिला है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डक्टर नेशामणी के. ने बताया कि बाघ को जमीन के अंदर दफन पाया गया।

### नेहरूसरनेम पर सियासतः कांग्रेस का पीएम मोदी पर पलटवार, कहा

# उन्हें भारतीय संस्कृति की बुनियादी समझ नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद में कहा था कि गांधी परिवार अपने नाम के पीटे नेहरू सरनेम का इस्तेमाल नहीं कर रहा है। एक दिन बाद कांग्रेस ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें भारतीय संसति की बुनियादी समझ नहीं है।

राज्यसभा में मोदी के भाषण के बारे में जब कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला की प्रतिक्रिया पूछी गई, तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, केवल भगवान ही इस देश को बचा सकता है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदी में कांग्रेस मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में सुरजेवाला ने कहा, कोई व्यक्ति जो इस तरह के जिम्मेदार पद पर बैठा है, वह भारत की संसति को नहीं जानता-समझता नही हैं। आप देश में किसी भी व्यक्ति से पूछ सकते हैं कि क्या वह अपने नाम में नाना के सरनेम का उपयोग करते हैं? सुरजेवाला ने कहा, अगर उन्हें (पीएम मोदी) भारत की संसति की यह बुनियादी समझ नहीं है,तो केवल भगवान ही इस देश को बचा सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में अपने भाषण के



दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था, अगर हमारे द्वारा नेहरू जी का नाम छोड़ दिया जाता है, तो हम अपनी गलती सुधार लेंगे, क्योंकि वह देश के पहले प्रधानमंत्री थे। लेकिन मुझे समझ नहीं आता कि उनके परिवार का कोई भी व्यक्ति नेहरू सरनेम रखने से क्यों डरता है? क्या नेहरू सरनेम होने में कोई शर्म है? शर्म की बात क्या है? जब एक परिवार ऐसे महान व्यक्तित्व को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, तो आप हमसे क्यों सवाल करते रहते हैं।

मामले में पुलिस ने मां, नाना और बिचौलिए के साथ ही खरीदार को गिरफ्तार कर लिया है।वहीं, बच्चा खरीदने के आरोपी महादेव को वंश आगे बढ़ाने की चाह ने अपराधी बना दिया। उसने कानूनी तरीके से बेटा गोद लेने के बजाय खरीद-फरोख्त से बेटा खरीदना चाहा।

हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र में तीन महीने के मासूम का आठ लाख रुपये में मां ने ही सौदा तय कर दिया। पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस ने दबिश देकर मां, नाना और बिचौलिए के साथ ही खरीदार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पांच लाख की नकदी भी बरामद की है, जो खरीदार से बतौर एडवांस ली गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्जकर गिरफ्तार कर लिया।

शुक्रवार को रोशनाबाद स्थित कार्यालय में मामले का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि राज बिहार फेस-1 फुटबाल ग्राउंड के पास एक घर में बच्चे की खरीद-फरोख्त की सूचना मिली थी। कनखल थाने की टीम ने मौके पर छापा मारा। पुलिस ने बच्चे की मां मोनिका, नाना पिंटू निवासी ग्राम सूबखेडा पौंटा जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश, हाल पता बलराम वाली गली निकट फुटबल ग्राउंड जगजीतपुर कनखल के अलावा महादेव निवासी रानीपोखरी देहरादून और हर्षी निवासी राजागार्डन गली नंबर तीन कनखल को गिरफ्तार कर लिया। महादेव बच्चे का खरीदार है, जबकि हर्षी बिचौलिया और महादेव की बहन है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी महादेव की शादी को 10 साल हो गए थे। उसकी एक बेटी है। उसने बेटा गोद लेने की इच्छा जताते हुए बहन हर्षी को बताया। हर्षी ने भाई के लिए बेटे की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान हर्षी को पता चला कि जगजीतपुर कनखल की मोनिका का पति से कुछ समय पहले तलाक हो गया है। उसका तीन माह का बच्चा है जिसे वह बेचना चाहती है। हर्षी ने जानकारी भाई महादेव को दी और मोनिका से बच्चा खरीदने हरिद्वार आ गए। आठ लाख रुपये में बच्चा खरीदने का सौदा तय हुआ। पांच लाख रुपये बतौर एडवांस दे दिए। जबकि बाकी तीन लाख रुपये बाद में देना तय हुआ। थाना प्रभारी नरेश राठौड़ ने बताया कि सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।

# टाटा ग्रुप का ऐलान, यूपी के हर शहर को देश-दुनिया से कनेक्ट करेगी एयर इंडिया

**लखनऊ एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में आज यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का उद्घाटन कर दिया है। इस दौरान उनके साथ यूपी की गवर्नर आनंदीबेन पटेल, देश के रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी फीता काटकर निवेशकों के इस महाकुंभ का उद्घाटन किया। रिलायंस इंडस्ट्री के सीएमडी मुकेश अंबानी, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला और टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने क्कत्रढ्ढस् के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया आगामी समय में उत्तर प्रदेश के हर कोने को देश और दुनिया से कनेक्ट करेगा।

बता दें कि इस आयोजन के दौरान तीन दिनों में कुल 34 सत्र होंगे। पहले दिन 10, दूसरे दिन 13 और आखिरी दिन 11 सत्र होंगे। सम्मेलन में 22 केंद्रीय मंत्री और तीन देशों के मंत्री भी शामिल होंगे।

आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला

### मुकेश अंबानी करेंगे 75,000 करोड़ का निवेश

ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यूपी सरकार ने ईज आफ डूइंग बिजनेस की दिशा में शानदार काम किया है। निवेश मित्र पोर्टल काफी बेहतर है, जिसके कारण यह निवेशकों के आकर्षक वाला प्रदेश बन गया है।

समिट को संबोधित करते हुए आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस यूपी के विकास के लिए काम करता रहेगा। इस राज्य में रिलायंस द्वारा और 75000 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। मुकेश अंबानी यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को हिंदी में संबोधित करते हुए कहा कि यूपी भगवान राम की पुण्य भूमि है। भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। अब भारत तेजी से तकनीक की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है।

# देश के ग्रोथ इंजन की भूमिका निभाने को तैयार उत्तर प्रदेशः योगी

**लखनऊ, एजेंसी** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप श्नए भारत का नया उत्तर प्रदेश देश के ग्रोथ इंजन की बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है।



तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजी आईएस) के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुये श्री योगी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री के श्रिफर्म, परफर्म ट्रांसफार्म के मंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश ने जो प्रयास किए, उसी का परिणाम है कि आज इस निवेश के महाकुंभ के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 32 लाख 92 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, रियल एस्टेट, शिक्षा, पर्यटन, इलेक्ट्रनिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग, हाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग जैसे अनेक सेक्टरों में अब तक हुए 18645 एमओयू के जरिये होने जा रहा यह निवेश प्रदेश में 92 लाख 50 हजार से अधिक नौकरी व रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाला होगा।

उन्होने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था और निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 25 सेक्टोरल नीतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने अपनी परिवेश को औद्योगिक विकास के अनुकूल बनाया है। निवेशकों की सुविधा के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने एवं उनके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए निवेश सारथी अनलाइन प्रणाली है।

## पैसे के लिए दोस्त की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

**लखनऊ एजेंसी** । लखनऊ जिले के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोस्त की हत्या करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों ने दोस्त राम अचल को शराब पिलाई और फिर रड से पीट-पीट कर मार डाला और उसके शव को पास के कुएं में दें क दिया। इसके बाद तीनों लापता हो गए।पुलिस की जानकारी के अनुसार, आरोपियों की पहचान राम सुफल (30), राकेश कुमार (25), अनुराग उर्फ सचिन सिंह (20), सभी निवासी हुलास खेड़ा मोहनलालगंज के रूप में की गई है और भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201, 34, 467, 468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, रामाचल कैब ड्राइवर था और उसकी अपनी कार थी। एक फरवरी को उसने अपनी पत्नी को एक बुकिंग के बारे में सूचित किया और निकल गया।

# सभापति धनखड़ का एक्शनः कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल को राज्यसभा से किया निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल को वर्तमान बजट सत्र के बाकी दिनों के लिए निलंबित कर दिया है। उनपर सदन की कार्यवाही की रिकर्डिंग करने का आरोप लगा है। वहीं इस मामले पर सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा कि रजनी अशोकराव पाटिल सदन में कार्यवाही की रिकर्डिंग करती हुई पाई गई हैं। यह मामला गंभीर है। सार्वजनिक क्षेत्र में आज, ट्विटर पर, इस सदन की कार्यवाही से संबंधित एक वीडियो का प्रसार किया गया। मैंने इसे गंभीरता से लिया और वह सब किया जो जरूरी था। सिद्धांत के तौर पर और संसद की शुचिता बनाए रखने के लिए किसी बाहरी एजेंसी की भागीदारी की मांग नहीं की जा सकती।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि




विशेषाधिकार समिति द्वारा पूरे मामले की जांच की जाएगी और जब तक हमें इस सम्मानित सदन के विचार के लिए विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट नहीं मिलती, तब तक ड. रजनी अशोकराव पाटिल को वर्तमान सत्र के लिए निलंबित कर दिया जाता है।

इस मामले पर अब कांग्रेस सांसद रजनी पटेल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा कुछ नहीं किया लेकिन जब मैंने कुछ नहीं किया तब भी मुझे फांसी की सजा दी गई। मैं स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से आती हूं, और मेरी संसति मुझे कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देती है। पटेल ने आगे कहा कि हमने कल बार-बार पीएम मोदी के जवाब को रोका, इसलिए वे बौखलाए हुए हैं। यह उनका बनाया हुआ कार्यक्रम है।

राज्यसभा में नेता पीयूष गोयल ने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा कि आज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। यह पाया गया है कि सोशल मीडिया पर हम इस प्रतिष्ठित सदन में रिकर्ड

### सदन के भीतर रिकार्डिंग का आरोप

किए गए वीडियो देख रहे हैं जिसमें संसद के वरिष्ठ सदस्यों को अनधित रूप से रिकर्ड किया जा रहा है। इसे सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदर्शित और वितरित किया गया है।

कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल के राज्यसभा से निलंबन पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि जब उपराष्ट्रपति सदन में आदेश दे रहे थे तब भी उन पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस के एक नेता ने आक्रामक रूप दर्शाया। आज जो दिशा उपराष्ट्रपति ने दिया वे संकेत है कि सदन की गरीमा राष्ट्र की गरिमा है। उन्होंने कहा कि किसी विशेष लिंग को कानून का उल्लंघन करने का अधिकार नहीं है। यहां कानून का उल्लंघन हुआ, नियमों का उल्लंघन हुआ और कांग्रेस ने सदन में इसे स्वीकार भी किया।

